सूर्योदय : 06.26 बजे
सूर्यास्त : 05.34 बजे
सोमवार, 06 मार्च 2023
वर्ष-3-अंक 90
मूल्य 2 पृष्ठ 8

e-mail: aknewstv2@gmail.com

RNI TITLE CODE : UPHIN49345

हिन्दी दैनिक
# अमर ख्याल
जुनून सच का
(महमूदाबाद) सीतापुर से प्रकाशित



## संक्षिप्त पर महत्वपूर्ण

### नेवी ने जहाज से किया ब्रह्मोस का परीक्षण



**नई दिल्ली।** इंडियन नेवी ने अरब सागर में अपने जहाज से ब्रह्मोस का सफल परीक्षण किया है। डीआरडीओ डिजाइन किए गए बूस्टर के साथ ब्रह्मोस मिसाइल ने अरब सागर में टारगेट पर सटीक हमला किया। मिसाइल का परीक्षण कोलकाता के युद्धपोत से किया गया। मिसाइल में स्वदेशी सामग्री बढ़ाने पर ब्रह्मोस एयरोस्पेस लगातार काम कर रहा है।

### सर्वोदय एक्सप्रेस के एसी कोच में आग

**रतलाम।** अहमदाबाद से जम्मूतवी जा रही सर्वोदय एक्सप्रेस के एसी कोच में शनिवार रात आग लग गई। समय रहते आग का पता चल जाने से ट्रेन को रोक दिया गया और रेलकर्मियों ने फायर इस्टिंग्युशर की सहायता से आग बुझा दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा नागदा जंक्शन से कोटा के बीच हुआ। शनिवार रात सर्वोदय एक्सप्रेस ट्रेन के थर्ड एसी कोच बी-2 में पहियों के समीप से आग की लपटें दिखाई दी। आग लगने की सूचना मिलते ही लोको पायलट और गॉर्ड ने ट्रेन को रोक दिया। ट्रेन में मौजूद रेलवे स्टाफ ने कोच में उपलब्ध फायर इस्टिंग्युशर से आग बुझाई।

### नाबालिग दुष्कर्मी की फांसी की सजा रद्द

**मनावर।** सुप्रीम कोर्ट ने बच्ची से रेप और हत्या के आरोपी की सजा रद्द कर दी और उसेरिहा करने के आदेश दे दिए। आरोपी ने करीब 5 साल पहले धार जिले के मनावर में वारदात को अंजाम दिया था। आरोपित ने बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या की थी, तब वह नाबालिग था। किशोर न्याय अधिनियम के तहत उसे अधिकतम तीन वर्ष की सजा दी जा सकती है। वह पांच वर्ष से जेल में है, उसे रिहा किया जाना चाहिए। कोर्ट ने पुलिस पर सवाल उठाए कि उसने उम्र की पुष्टि किए बिना ही आम आरोपी की तरह उसे पेश कर दिया।

### मोदी को मारने की धमकी देने वाला बरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी देने के आरोपी एक व्यक्ति को यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष किसी को जान से मारने की धमकी साबित करने के लिए कोई सबूत दिखाने में विफल रहा। पुलिस ने जनवरी 2019 में प्रधानमंत्री के खिलाफ हेल्पलाइन पर कॉल करने और अपमानजनक भाषा और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुख्तार अली के खिलाफ आईपीसी की धारा 506 के तहत आरोप पत्र दायर किया था।

### फिर मिला पीआईए लिखा पाक का गुब्बारा



**सांबा।** भारत पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के उस पार से आया एक गुब्बारा पुलिस ने बरामद किया है। यह गुब्बारा हवाई जहाज के आकार का है। जिला सांबा के घगवाल ब्लाक के मुट्ठी खुर्द गांव के रिहायशी इलाके में एक घर पर आकर यह गुब्बारा गिरा। गुब्बारे पर पीआईए लिखा हुआ था, जिससे साफ हुआ कि यह गुब्बारा सीमापार पाकिस्तान से आया है। गुब्बारे को देखने के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस टीम को दी।

## प्रदेश की एक करोड़ बहनों के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का शुभारंभ

# यह मात्र एक योजना नहीं जिंदगी बनाने का महाभियान

### मुख्यमंत्री का ऐलान

- योजना के फार्म आपके वॉर्ड और गांवों में 25 मार्च से भरे जायेंगे
- 30 अप्रैल तक आवेदन भरे जायेंगे जरूरी हुआ तो समय और बढ़ा देंगे
- योजना हमारी बहनों के सशक्तिकरण के लिए जरूरी
- लाभार्थी कौन- जिनकी वार्षिक आमदनी ढाई लाख से कम और 5 एकड़ से कम जमीन हो तथा परिवार इन्कम टैक्स के दायरे में नहीं आता हो



भोपाल के जंबूरी मैदान में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना समारोह के अंत में मुख्यमंत्री ने महिला शक्ति के प्रति सम्मान जताते हुए घुटनों पर बैठकर प्रणाम किया।

- प्रदेश भर से भोपाल आयीं बहनों पर की गई पुष्प वर्षा
- 10 जून को खाते में आएगी पहली किश्त
- बहनों के माथे पर पसीना आए बिना खाते में राशि भेजेंगे
- मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर प्रदेशभर में हुआ पौधारोपण
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने ट्वीट कर दी बधाई
- योजना बहनों का सम्मान बढ़ाने का महायज्ञ
- घर बैठे भरे जाएंगे फार्म, नहीं लगेगा मूल निवासी व आय प्रमाण-पत्र

### मुख्यमंत्री ने कहा- बहनों को हाथ न फैलाना पड़े, इसलिए हर महीने खातें में दूंगा एक हजार रुपए

रविवार का दिन प्रदेश के लिए ऐतिहासिक दिन रहा, एक मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 64 वर्ष के हो गए। दूसरा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में लाड़ली बहना योजना का शुभारंभ किया। प्रदेश में करीब ढाई करोड़ महिला मतदाता हैं, जिनमें करीब एक करोड़ से अधिक महिलाओं को लाड़ली बहना योजना का लाभ मिलने जा रहा है। मुख्यमंत्री का जन्मदिन आज पूरे प्रदेश में मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मुख्यमंत्री को ट्वीट कर जन्मदिन की बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री चौहान को प्रदेश को नई ऊंचाई पर ले जाने वाला मुख्यमंत्री बताया है। मुख्यमंत्री ने रविवार को स्मार्ट पार्क में धर्मपत्नी साधना सिंह, बेटे कार्तिकेय और कुणाल के साथ मुख्यमंत्री निवास में पदस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ पौधा रोपा। भोपाल के जंबूरी मैदान में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री चौहान ने लाखों बहनों के विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए लाड़ली बहना योजना का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने नवाचार करते हुए कन्याओं के साथ तीन बहनों का भी पैर धोकर सम्मान किया। बहनों ने भी मुख्यमंत्री को तिलक लगाकर जन्मदिन की बधाई के साथ योजना शुरू करने के लिए सम्मानित किया है। इसके बाद लाड़ली बहना योजना का लोगो, ब्रोशर और थीमसांग लांच किया। मुख्यमंत्री ने भोपाल के करोंद निवासी कविता का फार्म स्वयं भरवाया और सभी बहनों को फार्म कैसे भरा जाएगा समझाया।

#### आय-निवासी प्रमाण-पत्र की छूट

मुख्यमंत्री ने योजना का शुभारंभ करने के साथ ही बहनों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मैं लाखों बहनों का भाई हूं, इस नाते मुझे बहनों को उपहार देना था। मैं रक्षाबंधन पर बहनों को एक बार उपहार देता तो अच्छा नहीं रहता, इसलिए हर महीने की 10 तारीख को खाते में एक हजार रुपए भेजेंगे, ताकि मेरी बहनों को मायके जाने या बच्चों के पढ़ाने के लिए पैसों की जरूरत पड़ने पर किसी के सामने हाथ न फैलाना पड़े। इस योजना में मूल निवासी और आय प्रमाण-पत्र की जरूरत नहीं है। बहनें लिखकर दे देंगी तो, मान लिया जाएगा।

#### महिलाओं ने दोनों हाथ उठाकर साथ निभाने का किया वादा

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री बना तो लाड़ली लक्ष्मी योजना सहित दर्जन भर से अधिक योजनाएं भांजियों और बहनों के लिए बनाई। गरीबों के लिए संबल योजना बनाई, लेकिन कमलनाथ सरकार आई तो 15 महीने के लिए संबल सहित सभी कल्याणकारी योजनाएं बंद कर दीं। मुख्यमंत्री ने समारोह के अंत में घुटनों पर बैठकर सभी बहनों को प्रमाण किया। इसके बाद कहा कि अगर कोई और सरकार आएगी तो फिर कल्याणकारी योजनाएं बंद कर सकती है। ऐसे में आप सब भाजपा का साथ देने का वादा करें। सभी बहनों ने मुख्यमंत्री के साथ दोनों मुट्ठी बांधकर प्रदेश में भाजपा की फिर सरकार बनवाने के लिए मुख्यमंत्री चौहान का साथ देने का वादा किया है।

#### बनेगी 'लाड़ली बहना सेना'

मुख्यमत्री ने कहा कि बेटियों और बहनों को हमारे यहां दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती माना जाता है। देवता और भगवान के नाम लेने में भी, पहले लक्ष्मी जी और सीता जी का नाम लिया जाता है अर्थात महिला सर्वप्रथम है। कालांतर में परिस्थितियां बदली और महिलाएं भेदभाव का शिकार हो गईं। राज्य सरकार बहन-बेटियों की सुरक्षा, मान-सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में शराब के अहाते बंद किए हैं।

#### मुख्यमंत्री ने समझाया क्यों जरूरी है योजना

मुख्यमंत्री ने लाखों की संख्या में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए समझाया कि बहनों को आर्थिक सशक्त बनाने के लिए मैंने यह योजना बनाई है। मैं कई दिनों से सोच रहा था कि बहनों का कैसे कल्याण करें, एक रात चार बजे मेरे दिमाग में योजना आई। मैंने तुरंत साधना सिंह को जगाकर उन्हें योजना समझाई। अब मेरी बहनें मायके जाने के लिए पति के सामने रुपए के लिए हाथ नहीं फैलाएंगी। बहू एक हजार पाएगी, सास भी एक हजार पाएगी तो दोनों में घर चलाने को लेकर अनबन नहीं होगी, दोनों में रिश्ते भी सुधरेंगे।

## इच्छापुर हाईवे पर इंदौर से खंडवा जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त

# तेज रफ्तार यात्री बस नाले में पलटी, दो महिलाओं की मौत, 27 घायल



इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर रविवार दोपहर एक तेज रफ्तार यात्री बस अनियंत्रित होकर नाले में पलट गई। इस हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई जबकि 27 अन्य यात्री घायल हुए हैं। मृतक महिलाओं के नाम सावित्रीबाई और सविता है। दोनों खंडवा की रहने वाली बताई जा रही हैं। घायलों में कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी को इंदौर रेफर किया गया है। जानकारी अनुसार जायसवाल ट्रेवल्स की बस रविवार दोपहर को इंदौर से खंडवा जा रही थी। इस दौरान सिरमौल भैरव घाट से नीचे उतरते समय बस का ब्रेक फेल हो गया, जिससे ड्राइवर ने बस से नियंत्रण खो दिया और वह पलट कर नाले में गिर गई। हादसे के वक्त बस में करीब 40 यात्री सवार थे। घटना सिमरोल क्षेत्र के बाई ग्राम के पहले शारदा ढाबे के सामने हुई। जैसे ही लोगों ने हादसा देखा दौड़कर मौके पर पहुंचे और बस में फंसे लोगों की मदद करते हुए उन्हें बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया। वहां कई लोग बस में फंसे हुए थे और महिलाएं-बच्चे रो रहे थे। सिमरौल थाना पुलिस बल मौके पर पहुंच गया था। हादसे के बाद ग्रामीण डीआईजी चंद्रशेखर सोलंकी, ग्रामीण एसपी भगवत सिंह विरदे और इंदौर एडीएम मौके पर पहुंचे।

### उज्जैन में कंटेनर और कार की भिड़ंत में तीन की मौत, तीन घायल

उज्जैन। जिले के घट्टिया थाना क्षेत्र अंतर्गत आगर रोड पर ग्राम निपानिया के पास रविवार को एक तेज रफ्तार कन्टेनर और कार के बीच आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में कार सवार रिलायंस कंपनी के छह कर्मचारियों में तीन गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि शेष तीन की मौत की सूचना है, लेकिन पुष्टि नहीं हो पाई है। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची और घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस से जिला अस्पताल रवाना किया। थाना प्रभारी विक्रम सिंह चौहान औ उपनिरीक्षक राहुल चौहान मौके पहुंचकर मामले में जांच में जुटे हैं। पुलिस ने कंटेनर को जब्ती में लिया है।

### मुस्लिम महिलाओं ने प्रधानमंत्री की तस्वीर पर अबीर लगाकर खेली होली


**काशी।** काशी में मुस्लिम महिलाओं ने रविवार को लमही स्थित सुभाष भवन में गुलाल और फूलों की होली खेलकर मोहब्बत का पैगाम भेजा। महिलाओं ने सुभाष मन्दिर में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर गुलाल चढ़ाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तस्वीर पर गुलाल लगाकर होली खेली। इस दौरान महिलाओं ने कहा कि काशी में बाबा विश्वनाथ भस्म से होली खेलते हैं, तो मुस्लिम महिलाएं गुलाल उड़ाकर हिन्दू महिलाओं के चेहरे को रंग देती हैं। गुलाल हवा में जब उड़ता है तो सबके चेहरे रंगीन हो जाते हैं और सबके दिल मिल जाते हैं। विशाल भारत संस्थान एवं मुस्लिम महिला फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में जुटी मुस्लिम महिलाओं ने ढोल की थाप पर फगुआ गीत गाकर हवा में गुलाल उड़ा फिजाओं को रंगीन बना दिया।

## पुणे में सरसंघचालक ने किया सेवा भवन का उद्घाटन

# सेवा करें पर उसका अहंकार पैदा नहीं होने दें : डॉ. मोहन भागवत

एजेंसी, नागपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि स्वार्थ कभी भी सेवा की प्रेरणा नहीं हो सकता। सेवा का धर्म गहन है, लेकिन यह मानवता का सहज धर्म है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जनकल्याण समिति, जनकल्याण सेवा फाउंडेशन और डॉ. हेडगेवार स्मारक सेवा निधि संस्था ने संयुक्त रूप से 'सेवा भवन' नामक सेवा परियोजना बनाई है। जनकल्याण समिति के स्वर्ण उत्सव वर्ष समापन के उपलक्ष्य में परियोजना का उद्घाटन सरसंघचालक भागवत ने शनिवार को किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सरसंघचालक ने संबोधित किया।



उन्होंने कहा कि सेवा करते हुए यह अहंकार नहीं होना चाहिए कि हमने यह किया। समाज दिल खोलकर देता है। लेकिन समाज को पता चलना चाहिए कि ये लोग विश्वसनीय हैं। सेवा शब्द भारतीय है, जबकि सर्विस शब्द का तात्पर्य मुआवजे की अपेक्षा से है।

### सेवा कार्य के 50 वर्ष पूरे होने का उत्सव

सरसंघचालक ने कहा, यह जनकल्याण समिति के सेवा कार्य के 50 वर्ष पूरे होने का उत्सव है। संकट के समय किसी न किसी को खड़ा होना पड़ता है और जब समाज संकट में होता है तो समाज में कुछ न कुछ करने वाले लोग भी होते हैं। पूरे देश में सेवा कार्य चल रहे हैं और जनकल्याण समिति का कार्य उनमें से एक है। समरसता सेवा का सिद्धांत है और सद्भावना सेवा का व्यवहार। लेकिन सेवा का फल सेवा ही होता है। उन्होंने कहा कि सेवा मजबूरी नहीं है और न ही इसे भय से किया जा सकता है। सेवा हमारी वृत्ति है। मनुष्य का अर्थ ही संवेदना होता है। यह अस्तित्व की एकता का रहस्य है। यह एक आध्यात्मिक लेकिन वास्तविक सत्य है। करुणा का गुण चेतना से आता है जो सबमें विद्यमान होता है।

## नवाचार
## रीवा के मैकेनिकल अंतिम वर्ष के छात्रों की उपलब्धि

# 120 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी कबाड़ से बनी कार

रीवा के इंजीनियरिंग कालेज के मैकेनिकल फाइनल ईयर के छात्रों ने कबाड़ से जुगाड़ की तर्ज पर स्क्रैप से कार बना दी। छात्र प्रियांशु मिश्रा एवं ऋषभ सोनी ने नवाचार करते हुए स्क्रैप सामग्री से रेसिंग कार बनाई है। खास बात यह है कि यह कार 120 किलो मीटर प्रति घंटे की गति से चलती है। इंजीनियरिंग कालेज रीवा के मैकेनिकल ट्रेड के फाइनल सेमेस्टर के प्रियांशु मिश्रा एवं ऋषभ सोनी ने बताया कि सॉफ्टवेयर से रेसिंग कार का डिजायन विकसित कराया है।



### इंजन बजाज विक्रांत और फ्यूल टैंक एक्टिवा का

इस रेसिंग कार में शत-प्रतिशत स्क्रैप सामग्री का उपयोग किया गया है। उन्होंने बताया कि रेसिंग कार में इंजन बजाज विक्रांत का लगाया है। इंजन में एक स्पार्क प्लग की जगह दो स्पार्क प्लग लगाया। इक्साइड की 12 बोल्ट की बैटरी इस्तेमाल की गई है। एक्टिवा स्कूटी का फ्यूल टैंक लगाया है। रेसिंग वाहन में फोरबार चैन लगायी गयी है। एलईडी हेडलाइट का उपयोग किया है।

### रेसिंग प्रतियोगिता में भेजेंगे अपनी कार

उन्होंने बताया कि पूना में आयोजित होने वाली रेसिंग प्रतियोगिता में रेसिंग कार को भेजने की योजना है। प्रियांशु एवं ऋषभ सोनी ने बताया कि आगे चलकर इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाने की योजना है। गत दिवस मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान रीवा जिले के मऊगंज पहुंचे थे। यहां लगाई गई विकास प्रदर्शनी में स्क्रैप मटेरियल से बनी इस कार को भी प्रदर्शित किया गया था। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान रेसिंग कार का भी जायजा लिया लिया और इंजीनियरिंग कालेज रीवा के मैकेनिकल फाइनल इयर के छात्र प्रियांशु मिश्रा एवं ऋषभ सोनी को नवाचार कर रेसिंग कार बनाने पर बधाई दी थी।

## चीन पर अपने रुख से पलटे राहुल

# अब बोले-भारत को चीन से सतर्क रहने की जरूरत

एजेंसी, लंदन

कैंब्रिज में चीन को शांति पसंद और नेचर से जुड़ा देश बताने वाले राहुल गांधी का रुख अब बदल गया है। कैंब्रिज से करीब 100 किलोमीटर दूर लंदन में इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के इंडिया इनसाइट्स प्रोग्राम में राहुल ने कहा- इंडिया को चीन से सतर्क रहने की जरूरत है। वह बॉर्डर पर बहुत ज्यादा एक्टिव और एग्रेसिव है। 7 दिन के ब्रिटेन दौरे पर गए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर मोदी सरकार की खुले मंच पर आलोचना की है। लंदन में इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने इंडिया इनसाइट्स के तहत राहुल गांधी से चर्चा की। इस दौरान राहुल ने कहा- देश का अपमान मैं नहीं, बल्कि खुद पीएम मोदी करते हैं। राहुल ने कहा कि जो लोग प्रधानमंत्री मोदी या उनकी सरकार पर सवाल उठाते हैं, उस पर हमला किया जाता है। बीबीसी के साथ भी यही हुआ। राहुल ने इनकम टैक्स रेड, लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारी और इंडिया-चीन रिलेशनशिप पर भी बात की।



दखल

# वैश्विक हिंदी की ओर बढ़ते कदम




भारतभूमि से 18 हजार किमी दूर फिजी देश की राजभाषा हिंदी होने का विचार हमें हमारी हिंदी के प्रति जहां श्रद्धानवत बना दे रहा है वहीं गौरवान्वित भी कर देता है। निश्चित ही फिजी में हुआ हिंदी का यह अनुष्ठान हिंदी को उसकी वैश्विक पहचान स्थापित करने में मील का पत्थर सिद्ध होगा। अब तक के सभी सम्मेलनों में फिजी के हिंदी विद्वानों की भूमिका सदैव ही जीवंत, उल्लेखनीय व स्मरणीय रही है।

**निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल**
**बिन निज भाषा-ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल**
**अंग्रेजी पढ़ि के जदपि, सब गुन होत प्रवीन**
**पै निज भाषा-ज्ञान बिन, रहत हीन के हीन**
**भारतेंदु हरिश्चंद्र**

विश्व हिंदी सम्मेलन, फिजी की चर्चा प्रारंभ करने से पूर्व एक व्यथा या विवाद की चर्चा करते हैं। तथ्य यह है कि विश्व के अनेकों शैक्षणिक, सर्वेक्षण व अध्ययन संस्थानों ने यह माना है विश्व भर में लगभग 150 करोड़ लोगों की भाषा होने से हिंदी विश्व की सर्वाधिक अधिक बोली जाने वाली भाषा बन गई है। व्यथा या विवाद इसलिए क्योंकि संयुक्त राष्ट्र संघ अब भी विश्व में सर्वाधिक अधिक बोली जाने वाली भाषा में सबसे ऊपर क्रमशः चीनी व अरबी को रखता है। अर्थात, संयुक्त राष्ट्र भाषा हिंदी को अब भी तीसरे स्थान पर रखता है। वस्तुतः इस भाषाई राजनीति के पीछे संयुक्त राष्ट्र संघ की आधिकारिक भाषा में हिंदी को सम्मिलित न होने देने का षड़यंत्र रहा है। स्पष्ट है कि हिंदी को वैश्विक मंच पर उसका स्थान दिलाने में अब तक हमारी भूमिका कुछ दुर्बल ही रही है।

पिछले दिनों भारत से 18 हजार किमी दूर सुदूर आस्ट्रेलिया महाद्वीप के एक सुंदर से देश फिजी में 12वां विश्व हिंदी सम्मेलन संपन्न हुआ। प्रशांत महासागर की विशाल किंतु दिलचोर लहरों के शोर की संगीतिका में यह सुनना बड़ा ही मधुर लगता है कि फिजी की आधिकारिक भाषा हिंदी है। इस गौरवभाव संग 15-17 फरवरी 2023 को आयोजित यह हिंदी सम्मेलन वैश्विक विस्तार, वैज्ञानिक वितान व संभावनापूर्ण विहान के साथ संपन्न हुआ। कोस-कोस पर बदले पानी और चार कोस पर वाणी ये कहावत भारत की स्थिति का सटीक और समूचा विवरण दे देती है। भारतीय भाषाएं, बोलियां और लिपियां सैंकड़ों की संख्या में हैं किंतु समस्त भारतीय भाषाओं की जननी तो संस्कृत ही है और संस्कृत की सबसे प्रिय और लाडली संतान हिंदी ही है।

हिंदी ही हमारे राष्ट्र की घोषित राजभाषा है, और चिर प्रतीक्षित राष्ट्र भाषा भी। सैकड़ों बोलियों और भाषाओं वाले देश भारत में हिंदी का स्थान अद्वितीय इसलिए भी माना जाता है क्योंकि इसी भाषा ने हमारे राष्ट्र का राष्ट्रत्व अक्षुण्ण रखा है। हिंदी ने ही हमारे देश की विविधता को एकता की माला में पिरोकर रखा हुआ है। भारत की स्वतंत्रता के अमृतकाल में स्वाभाविक ही है कि हम यह स्मरण करें की किस प्रकार हिंदी ने हमारे स्वतंत्रता आंदोलन को बल और गति प्रदान की थी। फिजी का 12 वां विश्व हिंदी सम्मेलन संयोगवश स्वतंत्रता के अमृत काल में आयोजित हुआ। भारत का फिजी का प्रत्यक्ष सम्बंध रहा है। फिजी भी अंगेजों का गुलाम देश रहा है। वर्ष 1879 में अंग्रेज फिजी में चीनी उद्योग के विस्तार हेतु भारत से हजारों की संख्या में भारतीयों को गिरमिटिया मजदूरों के रूप में फिजी ले गए थे। कालान्तर में गिरमिटिया श्रमिक के रूप में फिजी ले जाए गए ये भारतवंशी वहीं बस गए। तबके हजारों की संख्या में गए भारतवंशी अब फिजी देश की जनसंख्या का 38त्न भाग बन गए हैं।

14 मई को फिजी में 'गिरमिट स्मरण दिवस' मनाया जाता है। यही वह दिवस है जब तीन मार्च 1879 को कोलकाता से 'लेवनीडास' नामक जहाज से भारतीय गिरमिटिया मजदूर प्रथम बार फिजी पहुंचे थे। इसके बाद सतत 37 वर्षो तक 42 जहाजों के माध्यम से 60 हजार से अधिक भारतीयों को फिजी भेजा गया था। डरा, धमकाकर, हाथ पैर बांधकर, विवश करके जिन भारतीय मजदूरों को अंग्रेजों ने फिजी भेजा था वे मजदूर दो पीढ़ियों तक जबरन निरक्षर रखे गए थे। गिरमिटियों ने वाचिक परंपरा के माध्यम से अर्थात मात्र बोल सुनकर ही अपनी भाषा, बोली, नृत्य, गीत, भक्ति गीत, परंपरा, पहनावा, त्यौहार, पूजा पद्धति, आदि को जीवित रखा था। भारत की संस्कृति से फिजी को समृद्ध करने वाले गिरमिटियों ने अपमान और यातना को भूलकर फिजी के स्वाधीनता संग्राम में भाग लिया था। भारतीय मूल के हजारों वीरों द्वारा किये गए संघर्ष के बाद अंततः 10 अक्टूबर 1970 को विजयादशमी के दिन फिजी स्वतंत्र हुआ। 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन का ध्येय वाक्य हिंदी-पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम मेघा तक है।

अब इस ध्येय वाक्य पर आगामी तीन वर्षो तक हिंदी का विकास मार्ग निर्धारित किया गया है। हिंदी में सतत श्रेष्ठ, शास्त्रीय, लोकप्रिय, जनसुलभ व अकादमिक साहित्य का सृजन तो होता ही रहे साथ ही हिंदी का वैज्ञानिकीकरण भी तीव्र गति से होना चाहिए। हिंदी को ज्ञान प्राप्ति के साथ साथ वैश्विक भाषा का रूप देने के लक्ष्य पर यह समूचा सम्मेलन केंद्रित था। हिंदी लोगों की आजीविका का माध्यम बने यह भी लक्ष्य है। सम्मेलन के अंतस में यह है कि हिंदी वैश्विक व्यापार, व्यवसाय की भाषा बनना चाहिए। फिजी के हिंदी सम्मेलन के मुखड़े पर ही यह घोषणा झलक रही थी कि आगामी वर्षों में हिंदी विश्व के वाणिज्यिक संस्थानों में स्वीकार की जाने योग्य भाषा बन सके। हिंदी भाषी व्यक्ति स्वरोजगार के, कामकाज के, नौकरियों के अवसर किस प्रकार अधिकाधिक प्राप्त कर सके यह विमर्श सम्मेलन की मुख्य धारा में बना रहा। हिंदी का वैज्ञानिकीकरण अधिकतम हो, विभिन्न इलेक्ट्रानिक उपकरणों में हिंदी के लेखन, पठन, अनुवाद आदि की सहज उपलब्धता हो इस हेतु भी यह सम्मेलन कृतसंकल्पित है।

हिंदी-पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम मेघा तक ध्येयवाक्य को समर्पित यह सम्मेलन हिंदी के तरह-तरह के प्रशिक्षण एप, अनुवाद एप, सुनकर लिखने के एप, शब्दकोष एप आदि आदि सॉफ्टवेयर विकसित करने के लक्ष्य के साथ अब तीन वर्षों तक इसी लीक पर आगे बढ़ता रहेगा। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में हुए दस सत्रों में समूचे विषय आगामी समय में हिंदी के चहुंमुखी विकास की एक नूतन गाथा लिखेंगे। इस सम्मेलन की अगुवाई कर रहे भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर, विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन, केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अरुण मिश्र पूरे तीन दिन सम्मेलन में उपस्थित रहकर इस आयोजन को सफल बनाने हेतु कृतसंकल्पित दिखे। विदेश मंत्री ने फिजी के राष्ट्रपति विलियम कैटोनिवरे का जिक्र करते हुए बताया कि किस तरह से उन पर हिंदी फिल्मों का असर पड़ा। जयशंकर ने कहा, फिजी के राष्ट्रपति कैटोनिवरे ने बताया कि हिंदी फिल्मों ने गहरा प्रभाव छोड़ा है। उनकी पसंदीदा फिल्म शोले है। एस. जयशंकर ने आगे कहा, फिजी के राष्ट्रपति हमेशा इस गाने को याद रखते हैं कि ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे...।

इस भाव का ही परिणाम रहा की फिजी सरकार ने यह घोषणा की कि वहां पर हिंदी के साथ तमिल और अन्य भारतीय भाषाओं में शिक्षा प्रारंभ की जाएगी। इस अवसर पर फिजी की राजधानी सुआ में सरदार पटेल की मूर्ति का अनावरण भी किया गया। इस अवसर पर फिजी के उप प्रधानमंत्री बिमान प्रसाद ने भावपूर्ण होकर कहा कि आज जब मैं अपने पूर्वजों के विषय में सोचता हूं तो ख्याल आता है कि वे अपने साथ रामायण, गीता तो नहीं लाए थे, लेकिन अपने साथ वह अपनी संस्कृति अवश्य लाए थे। बिमान प्रसाद ने फिजी की सरकार के हिंदी सम्बंधित संकल्पों को प्रकट किया। 1975 से नागपुर से प्रारंभ हुई विश्व हिंदी सम्मेलन की परंपरा प्रत्येक तीन वर्षों में आयोजित होते चले आ रही है। अब तक के सभी सम्मेलनों में फिजी के हिंदी विद्वानों की भूमिका सदैव ही जीवंत, उल्लेखनीय व स्मरणीय रही है।

**प्रवीण गुगनानी**
(राजभाषा सलाहकार, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार)

# महिला वोटों पर भाजपा का दांव

लाडली बहना योजना के जरिए भाजपा ने महिला वोटों पर बड़ा दांव खेला है। भाजपा जानती है कि प्रदेश में सत्ता का रास्ता आधी आबादी ही तय करती है। यही वजह है कि भाजपा के साथ कांग्रेस भी अपने वचन पत्र को महिलाओं पर ही फोकस कर रही है।




मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिन के मौके पर नई शुरुआत की गई है। मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की शुरुआत कर सरकार ने चुनाव से पहले महिलाओं को अपनी तरफ करने का बड़ा दांव खेला है। इस योजना के जरिए महिलाओं को 1000 रुपए हर महीने दिए जाएंगे। प्रदेश में 5 करोड़ 39 लाख 87 हजार 876 वोटर हैं। इनमें दो करोड़ 60 लाख 23 हजार 733 महिला वोटर हैं। महिला वोटर्स में केवल उन्हीं महिलाओं को इस योजना का फायदा मिलेगा, जिनके परिवार की वार्षिक आय ढाई लाख रुपए से कम है या जिनके पास पांच एकड़ से कम जमीन है। 23 से 60 साल की उम्र के बीच की विवाहित, तलाकशुदा, विधवा, परित्यक्ता महिलाएं इस योजना में पात्र होंगी। महिला बाल विकास विभाग ने 2023-24 के बजट में लाडली बहना योजना के लिए 1000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। पांच साल में योजना में 61,890.84 करोड़ के खर्च का आकलन किया गया है।

मध्य प्रदेश में साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं। इसके लिए भाजपा ने अपनी रणनीति लगभग तैयार कर ली है और उसे लेकर धरातल पर काम भी शुरू हो गया है। भाजपा गुजरात वाली रणनीति पर मध्यप्रदेश में भी चांस लेने के मूड में है। पार्टी के कुछ नेताओं का मानना है कि इस समय मध्य प्रदेश में सत्ता विरोधी लहर की सुगबुगाहट सुनने में आ रही है। इसके लिए पार्टी को दो मोर्चो पर काम करना है। पहला अंदरूनी कलह को दूर करना और दूसरा बड़े वोट बैंक के बीच जुड़ाव बढ़ाने का काम। इसके लिए सिर्फ भाजपा ही नहीं कांग्रेस ने भी रोडमैप तैयार कर लिया है। मप्र में जीत की राह आदिवासी और एससीएसटी वोटबैंक के द्वार से होकर ही गुजरती है। इसके अलावा इस समय राजनीति का केंद्र प्रदेश की महिला वोटबैंक पर भी है। इस समय के ताजा आंकड़े तो यही बताते हैं कि देश की 50 प्रतिशत आबादी यानी महिलाओं की वोटिंग प्रतिशत में भी भागिदारी बढ़ी है। ऐसे में इन्हें लुभाने के लिए दोनों राजनीतिक दल कमर कस रहे हैं।

महिलाओं के वोट पर भाजपा का फोकस किस कदर है, यह योजनाओं से पता चलता है। लाडली बहना योजना के अलावा मुख्यमंत्री जीवन शक्ति योजना के जरिए सरकार का उद्देश्य शहर की बेरोजगार महिलाओं को रोजगार प्रदान करना है और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर करना है। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं को रसोई की सुविधा देने के लिए शुरू की गई है। इसके माध्यम से सरकार गरीब व आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराती है। काम के नजरिए से पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की भागीदारी कम है। इस कारण से महिलाएं आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर होने के बजाए पुरुषों पर आश्रित हैं। यही मुख्य कारण है कि मध्यप्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की शुरुआत की है।

# अंधविश्वास मूढ़ समाज की निशानी



अंधविश्वास वास्तविकता से बहुत दूर होते हैं। अंधविश्वास में व्यक्ति अलौकिक शक्तियों में विश्वास करता है। शक्तियों के अस्तित्व में विश्वास रखता है, जो प्रकृति के नियमों की पुष्टि नहीं करता है और न ही ब्रह्मांड की वैज्ञानिक समझ रखता है। अंधविश्वास व्यापक रूप से फैला हुआ है। अगर कोई कहता है कि इन अंधविश्वासों में सच्चाई है, तब आप उससे कहिए कि वह इन अंधविश्वासों की सच्चाई को साबित करके दिखाए।

**भारतवर्ष** को दुनिया एक अध्यात्मवादी देश के रूप में भी जानती है। निःसंदेह संतों-पीरों-फकीरों और अनेकानेक अध्यात्मवादी महापुरुषों की इस पावन धरा पर चारों ओर आस्था और विश्वास का समुद्र हिलोरें मारता रहता है। यही आस्था और विश्वास जब तक संयमित रहता है, इसके परिणाम सुखद, संतोषजनक व सौहार्दपूर्ण रहते हैं तभी तक इन्हें आस्था व विश्वास के रूप में देखा जा सकता है परन्तु जब इसी आस्था और विश्वास के नाम पर हिंसा, क्रूरता, पशुता, राक्षसी प्रवृति, झूठा भय यहां तक कि हत्या और मानव बलि तक की बातें होने लग जाएं तो इसे अंधआस्था व अंधविश्वास के सिवा और क्या कहा जाए। परंतु यह हमारे देश का एक कटु सत्य है कि संसार के इतने आधुनिक, वैज्ञानिक एवं तर्कशील हो जाने के बावजूद हमारे देश का बड़ा वर्ग अभी भी तांत्रिकों, ज्योतिषियों, काला जादू, बंगाली जादू, इंद्र जाल, सिफली, दुआ ताबीज और कंडा-चिल्ला जैसे अनेक व्यसनों में उलझा हुआ है।

आए दिन देश के किसी न किसी राज्य से अंधास्था एवं अंधविश्वास से जुड़ी दिल दहलाने वाली खबरें तो आती ही रहती हैं। कोई अपने ही बच्चे की बलि चढ़ाकर भगवान को खुश कर रहा है तो किसी को अपनी खुशहाली की खातिर या अपनी कोई मुराद पूरी करने के लिए अपने पड़ोसी या रिश्तेदार के बच्चे की बलि चाहिए। कितना आश्चर्य है कि हमारे देश में क्या पढ़ा लिखा तो क्या अनपढ़ सभी के वाहनों के पहियों में उस समय ब्रेक लग जाता है जब कोई बिल्ली सामने से गुजर जाती है। यह सभी सदियों पुराने उस सुने-सुनाये अंधविश्वास के वाहक हैं जिसमें न जाने किसने और कब यह बताया होगा कि बिल्ली का रास्ता काटना अशुभ होता है। गत मात्र एक दशक से भी कम समय से न जाने किसके कहने और बताने पर या फिर एक दूसरे को देखकर तमाम युवतियां यहां तक कि अब अधेड़ महिलाएं अपने पैरों में काला धागा बांधने लगी हैं। इनमें अनपढ़ ही नहीं स्वयं को शिक्षित तक बताने वाली युवतियां भी शामिल हैं।

उम्मीद थी कि शायद कुछ दिनों बाद फैशन का रूप धारण कर चुके इस नये नवेले अंधविश्वास से देश को मुक्ति मिल जाएगी। परंतु अफसोस तो यह कि इस काले धागे को अब लड़कियों की तरह लड़कों ने भी टांगों में बांधना शुरू कर दिया है। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले से पिछले दिनों अंधविश्वास से जुड़ी ऐसी अपराधपूर्ण खबर सामने आई जिसे सुनकर रूह कांप गई। प्राप्त समाचारों के अनुसार 25 वर्षीय रौनक सिंह छाबड़ा नामक एक युवक ने अपने 50 वर्षीय गुरु, बसंत साहू की पहले हत्या की और हत्या के बाद वह बड़ी निर्दयता से अपने गुरु का खून भी पी गया। बाद में उसने गुरु बसंत साहू के शव को सन्नाटी जगह में ले जाकर जलाने की कोशिश की। वहां की पुलिस ने बसंत साहू की अधजली लाश बरामद करने के बाद जब तफ्तीश के दौरान उसके शिष्य रौनक सिंह छाबड़ा से पूछताछ की तो उसी ने यह रहस्य खोला कि वह अपने गुरु से काला जादू की विद्या हासिल करना चाहता था। उसकी सोच थी कि गुरु की हत्या के बाद वह जल्द से जल्द काला जादू सीख जाएगा इसीलिए प्रयोग के रूप में उसने इस वीभत्स कांड को अंजाम दिया।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि जादू टोने के लिए काला जादू सीखने के नाम पर एक चेले द्वारा अपने गुरु की हत्या उस छत्तीसगढ़ राज्य में की गई जहां पहले से ही छत्तीसगढ़ टोना प्रताड़ना निवारण अधिनियम 2005 मौजूद है जिसके अंतर्गत ऐसी अंधविश्वास पूर्ण गतिविधियों को दंडनीय अपराध की श्रेणी में रखा गया है। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, बिहार, बंगाल, झारखंड, उड़ीसा और उत्तरप्रदेश जैसे राज्यों से तो अक्सर ही कभी किसी की चुड़ैल के नाम पर हत्या कर दी जाती है तो किसी को रस्सी या लोहे की जंजीरों से पेड़ों या खंबों में बांधकर रखा जाता है। उसे भूखा प्यासा रखा जाता है और शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित तक किया जाता है। अंधआस्था और अंधविश्वास से जकड़े इसी मूढ़ समाज को लक्ष्य बनाकर अब पूरे देश में विभिन्न सार्वजनक स्थलों, दीवारों, बस व ट्रेन स्टॉप आदि पर यहां तक कि बसों और ट्रेनों के भीतर भी झाड़ फूक जादू टोना, इंद्र जाल और वशीकरण के तरीके आदि बताने वाले तमाम बकवास, झूठे व गुमराह करने वाले पोस्टर व हैंड बिल चिपके होते हैं।


इन पोस्टर्स में जो दावे किए जाते हैं उन्हें पढ़कर ही हंसी आती है। परन्तु अफसोस कि हमारा सीधा सादा परंतु अंधआस्था व अंधविश्वास का शिकार कोई भी व्यक्ति इन झूठे विज्ञापनों के झांसे में आ जाता है और इन विज्ञापनों में दिए गए नंबरों पर स्वयं फोन कर अपने नुकसान, गुमराही यहां तक कि किसी बड़े से बड़े कुचक्र तक में उलझने के रास्ते स्वयं अख्तियार कर लेता है। आज पूरे देश में लाखों ठग ऐसे ही शरीफ परंतु अंधआस्था और अंधविश्वास के शिकार लोगों की जेबें काट कर अपना पालन पोषण कर रहे हैं। जिन्हें स्वयं अपने भविष्य का ज्ञान नहीं वे दूसरों का भविष्य बताते फिरते हैं। जो स्वयं अनेक पारिवारिक उलझनों व परेशानियों का शिकार हैं वे दूसरों के घरों में सुख शांति लाने का उपाय बताते फिर रहे हैं। पेट पालने के लिए जिन्हें स्वयं झूठ व पाखंड का सहारा लेना पड़ता है वे दूसरों को रोजगार तथा नौकरी के उपाय बताते रहते हैं। इससे बड़ी हास्यास्पद बात और क्या हो सकती है। परीक्षा के समय तमाम स्कूल कॉलेज के बच्चे मस्जिद-मंदिर-मजार-दरगाह-पीपल-बरगद आदि पर जाकर कहीं प्रसाद चढ़ाते हैं तो कहीं जल तो कहीं धागा लपेटते हैं। कहीं कहीं तो अपनी मांग किसी पर्ची में लिखकर चढ़ा देते हैं।

जरा सोचिए कि यदि इन सब टोटकों से लोग परीक्षा पास करने लगें तो पढ़ाई के लिए परिश्रम करने की ज़रुरत ही क्या? हां इन सब चक्करों में पड़ने से परीक्षार्थी का कीमती समय जरूर बर्बाद होता है। आज हमारे देश में जय जवान जय किसान के साथ साथ जय विज्ञान और जय अनुसंधान जैसे नारे भी जोड़ तो जरूर दिए गए हैं परन्तु इन पर देश अमल करे इसके पहले देश के लोगों में अंधआस्था और अंधविश्वास के विरुद्ध चेतना जगाना भी जरूरी है। जब हमारे राजनेता स्वयं ही अंधआस्था और अंधविश्वास को बढ़ावा देंगे, जब वे नींबू-मिर्च लटकाकर चश्म-ए-बददूर करेंगे तो इस समाज को अंधेरे कुंए में गिरने से भला कौन बचा सकता है। सच तो यह है कि अंधविश्वास ही अशिक्षित एवं मूढ़ समाज की सबसे बड़ी निशानी है। सच तो यह है कि अंधविश्वास एक ऐसा विश्वास है, जिसका कोई उचित कारण नहीं होता है। एक छोटा बच्चा अपने घर, परिवार एवं समाज में जिन परंपराओं, मान्यताओं को बचपन से देखता आ रहा होता है, वह भी उन्हीं का अक्षरशः पालन करने लगता है।

यह अंधविश्वास उसके मन-मस्तिष्क में इतना गहरा असर छोड़ देता है कि जीवनभर वह अंधविश्वासों से बाहर नहीं आ पाता। अंधविश्वास अधिकतर कमजोर व्यक्तित्व, कमजोर मनोविज्ञान एवं कमजोर मानसिकता के लोगों में देखने को मिलता है। अपने जीवन में असफल रहे लोग अधिकतर अंधविश्वास में विश्वास रखने लगते हैं एवं ऐसा मानते हैं कि इन अंधविश्वासों को मानने एवं इन पर चलने से ही शायद वह सफल हो जाएं। अंधविश्वास समाज, देश, क्षेत्र, जाति एवं धर्म के हिसाब से अलग-अलग तरह के होते हैं।

**तनवीर जाफरी**
(वरिष्ठ पत्रकार)

## ट्विटर



भाजपा महिलाओं के जीवन स्तर को सुधारने का काम कर रही है। भाजपा चुनाव को ध्यान में रखकर काम नहीं करती। बल्कि अनवरत विकास यात्रा चालू रहती है।

**नरोत्तम मिश्रा, गृह मंत्री**




राज्य की बहन-बेटियां, भांजे और भाई लोग इस सरकार को पूरी तरह से समझ चुके हैं। शिवराज सिंह कितना ही बरगलाएं अब उनकी और भाजपा की दाल गलने वाली नहीं है।

**केके मिश्रा, मुख्य प्रवक्ता कांग्रेस**

**सत्यार्थ**

# मित्रता सबसे बड़ा गुण



रामायण में श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता से हम मित्रों के गुण सीख सकते हैं। श्रीराम और सुग्रीव पहली बार मिल रहे थे। उस समय श्रीराम ने सुग्रीव से कहा कि मैं जंगल में भटक रहा हूं, क्योंकि मुझे मेरी पत्नी सीता को खोज करनी हैं, लेकिन आप तो राजा हैं, फिर आप जंगल में रह रहे हैं। सुग्रीव ने अपने नए मित्र राम से कहा कि मेरा एक बड़ा भाई है बालि। वह राज-पाठ के लिए मेरा दुश्मन बन गया है। कुछ समय पहले एक राक्षस हमारे राज्य में आ गया तो बालि उसे मारने गया। बालि के पीछे-पीछे मैं भी चला गया। बालि और राक्षस एक गुफा में चले गए। मैं गुफा के बाहर ही खड़ा रहा। कुछ दिनों के बाद उस गुफा से बाहर खून निकलने लगा। खून देखकर मैं डर गया, मुझे लगा कि बालि मारा गया। मैं डर गया था तो अपने राज्य लौट आया और सभी लोगों को पूरी घटना बता दी। यहां के लोगों को भी लगा की बालि मारा गया तो उन्होंने मुझे राजा बना दिया। जब मेरा भाई बालि लौटकर आया तो उसे लगा कि मैं जानबूझकर राजा बन गया हूं। उसने मुझे मारकर राज्य से भगा दिया, वह मुझे शत्रु समझने लगा है। मैं उससे बचने के लिए ही जंगल में छिपा हुआ हूं। श्रीराम ने सुग्रीव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आपका राज्य वापस दिलवाने में मैं आपकी मदद करूंगा। सुग्रीव को श्रीराम पर भरोसा नहीं हुआ, वह सोचने लगा कि बालि तो बहुत ताकतवर है तो राम उसे कैसे मारेंगे उस समय श्रीराम ने सुग्रीव से कहा कि अब मैं तुम्हारा मित्र हूं। मित्र की विशेषता ये है कि वह अपने मित्र को दुखी देखकर उसे अपना दुख मान लेता है। उस दुख को दूर करने की कोशिश करता है। विपत्ति के समय मित्र के साथ खड़े रहना ही मित्र का सबसे बड़ा गुण है। इसलिए मुझ पर भरोसा रखो, मैं तुम्हारे दुख दूर करने में मदद जरूर करूंगा। ये बातें सुनकर सुग्रीव को श्रीराम पर भरोसा हो गया।

**मुकेश कुमार**

# कस्तूरवा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बड़नापुर की छात्राओं पर जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र हुए मेहरबान

## अपने घर से छात्राओं के बीच लेकर पहुंचें गुझिया,मिठाइयाँ,हरी साग सब्जियाँ,टमाटर का सूप और गाय के दूध से बना सुद्ध पनीर



अमर ख्याल । अशोक कुमार

रामगांव/बहराइच। जनपद में जिला अधिकारी डॉ दिनेश चंद्र के द्वारा कस्तूरवा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बड़नापुर में अपने आवास पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी को बुलाकर कस्तूरबा विद्यालय बड़नापुर में अध्ययनरत बालिकाओं हेतु गुझियां, मिठाइयाँ एवं अपने आवास पर उपलब्ध पोषण वाटिका से हरी साग सब्जियां, गाय के दूध का बना हुवा पनीर सहित लाल टमाटर का सूप होली के त्योहार को मध्य नजर रखते हुए बालिकाओं के लिए ले जाकर वार्डन श्रीमती तृप्ति श्रीवास्तव को सौंपा।तथा हरी साग,सब्जियों से होने वाले लाभ के बारे में बालिकाओ के साथ उपस्थित जन समुदाय को भी लाभान्वित किया।इस अवसर पर कस्तूरवा विद्यालय से लेखाकार अमित कुमार श्रीवास्तव,संध्या पाठक, प्रगति सिंह,शिवानी मिश्रा,राजू चौहान ,दिलीप, रेखा, रूपरानी,पूनम आदि उपस्थित रहें।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी के साथ खण्ड शिक्षा अधिकारी तजवापुर अखिलेश कुमार वर्मा,वित्त एवं लेखाधिकारी विजय शंकर तिवारी जिला समन्वयक दुर्गेश चन्द्र राय,विजय कुमार उपाध्याय, भुवनेश्वर पाठक,चन्द्र शेखर नागवंशी,सुरेश यादव,शेखू सहित दर्जनों उपस्थित रहें।

# महिलाएं होंगी स्वस्थ तो देश बनेगा स्वस्थ

## 8 मार्च को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में साइकिलिंग कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ
## साइकिल चलाकर सीएमओ ने दिया स्वस्थ जीवन शैली का संदेश

अमर ख्याल । अशोक कुमार

बहराइच। इस वर्ष 8 मार्च को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम ह्लस्वस्थ महिला स्वस्थ भारतह्व रखा गया है। जिसके अंतर्गत रविवार को जिलाधिकारी डॉ० दिनेश चंद्र के निर्देशन में सीएमओ डॉ० सतीश कुमार सिंह ने साइकिल रैली निकाल कर नारियों को स्वास्थ्य व सशक्तिकरण का संदेश दिया । यह साइकिल रैली शहर के इंदिरा स्टेडियम से निकल कर पानी टंकी चौराहा होते हुए सीएमओ कार्यालय पर समाप्त हुई। साइकिल रैली में ब्लू बैरोज स्कूल, दुलारी देवी रंजीत सिंह शिक्षण संस्थान और मून एंड सन स्कूल की छात्राओं और शिक्षकगणों सहित आशा कार्यकर्ता , आंगनवाड़ी , एएनएम व स्टाफ नर्स ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी डॉ० दिनेश चंद्र ने कहा कि हर साल 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम ह्लस्वस्थ महिला स्वस्थ भारतह्व रखा गया है। उन्होने कहा आज महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर है बल्कि हर क्षेत्र में तरक्की कर रही है। चाहे वह खेल का मैदान हो, कला का क्षेत्र हो या फिर शिक्षा का क्षेत्र। महिलाएं न केवल घर की देखभाल और बच्चों को संभालती है बल्कि वे बाहरी क्षेत्र में नौकरी करके बखूबी अपने कर्तव्यों का पालन करती हैं। नारियो के सम्मान में कुछ पंक्तियाँ याद आ गई, कहना चाहूंगा कि कुछ लोग कहते है - नारी का कोई घर नहीं होता, लेकिन सच तो ये है कि नारी के बिना कोई घर नहीं होता।



सीएमओ डॉ० सतीश कुमार सिंह ने ह्लमहिलायें होंगी स्वस्थ तो देश बनेगा स्वस्थह्व की थीम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक संसाधनों ने जहां एक ओर समय की बचत कर काम को आसान कर दिया है वहीं इसकी वजह से लोगों की शारीरिक गतिशीलता भी काफी कम हो गयी है । इसका प्रभाव महिलाओं के स्वास्थ्य पर भी हुआ है । आज के समय में कपड़ा धोने से लेकर मसाले पीसने सहित बहुत सारे घरेलू काम आधुनिक मशीनों द्वारा कर लिया जाते हैं। कम शारीरिक गति शीलता ,खराब आहार की आदतें व वायु प्रदूषण की वजह से महिलाएं भी शुगर , थायराइड सहित अन्य गैर संचारी रोग से पीड़ित हो रहीं हैं । ऐसे में शारीरिक गतिशीलता बढ़ाने में साइकिल पर्यावरण अनुकूल परिवहन का एक बेहतर विकल्प है।

**महिलाओं को दें समानता का अधिकार झ्र**

जिला स्वास्थ्य , शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने बताया कि परिवार में महिलाएं स्वस्थ नहीं है तो अन्य सदस्यों के स्वस्थ रहने की परिकल्पना नहीं की जा सकती। इसके लिए आवश्यक है कि महिला स्वास्थ्य को बढ़ावा देने व गैर संचारी रोगों की रोकथाम के लिए स्वस्थ जीवन शैली को अपनाया जाय। उन्होंने कहा कि आज ही नहीं बल्कि हर दिन हमे यह प्रण लेना चाहिए कि हम महिलाओं के स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगे और उन्हें पूरा सम्मान देंगे, उनकी तरक्की पर किसी प्रकार की कोई पाबंदी नहीं लगाएंगे और उन्हें सशक्त बनने में अधिक से अधिक सहयोग देंगे। । उन्होंने बताया कि आगामी 7 मार्च को जनपद के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर जन आरोग्य दिवस मनाया जायेगा जिसमे उच्च रक्तचाप मधुमेह आदि रोगों की जांच की जाएगी। अंत में सीएमओ कार्यालय में रैली में योगदान करने वाली छात्राओं और कर्मचारियों सहित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एफएलसी विवेक श्रीवास्तव को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सीएमओ डॉ० सिंह ने मेडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ कार्यक्रम में सहयोगी विवेक श्रीवास्तव, एनसीडी क्लीनिक से डॉ० रियाजुल हक, जिला सलाहकार पुनीत शर्मा, प्रयोगशाला प्राविधिक संतोष सिंह, नर्सिंग अधिकारी बृज प्रकाश, अफाक अहमद, शक्ति सिंह, मनीष आदि मौजूद रहे।

# तहसील सभागार में आयोजित हुआ महिला जागरूकता कार्यक्रम

अमर ख्याल । अशोक कुमार



बहराइच । अन्तर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह के उपलक्ष्य में शनिवार को मा. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी के दिशा निर्देशन में तहसील सदर बहराइच के सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के सचिव मनोज कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में महिला जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें नायब तहसीलदार मनीष, सेवा प्राधिकरण द्वारा नामित रिर्सोस पर्सन माधुरीलता मिश्रा एवं श्रीमती पैकर जमाल, प्रोबेशन कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी, वन स्टाप सेन्टर की प्रबन्धक तथा बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, शिक्षिकाएं व आशा बहु मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं व विषय विशेषज्ञों द्वारा महिलाओं को उनके मौलिक अधिकार व मौलिक कर्तव्य, संपत्ति का अधिकार, भरण-पोषण, विवाह और तलाक, न्यायिक विच्छेद, कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निस्तारण) अधि. 2013, महिलाओं का घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम-2005, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, दहेज प्रतिषेध कानून, 1961, बच्चों का लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम (पास्को) 2012, महिलाओं के कार्यस्थल पर यौन शोषण (निवारण प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013, प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम 1961, कारखाना अधिनियम 1948, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 के साथ महिला के प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार के बारे में जागरुक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उ.प्र. रानी लक्ष्मी बाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना, स्पॉन्सरशिप एवं फोस्टर केयर स्कीम सहित प्राबेशन विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों, महिला सशक्तीकरण के तहत महिला हेल्पलाइन नम्बर 1090, जिला विधिक प्राधिकरण अन्तर्गत संचालित उ.प्र. पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना-2014, मुकदमों की पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता की सुविधा, पीसीपीएनडीटी अधिनियम, गिरफ्तारी के समय विशेष अधिकारों, के बारे में जानकारी प्रदान की गई तथा महिलाओं के हितार्थ संचालित याजनाओं एवं कार्यक्रमों से सम्बन्धित लीफलेट्स का भी वितरण किया गया।

# फर्जी हस्ताक्षर से खाते से निकाला रुपया, दो बैंकों पर लगा पच्चीस पच्चीस हजार रू0 जुमार्ना

अमर ख्याल । अशोक सागर

गोंडा। चेक पर फर्जी हस्ताक्षर के जरिए खाते से 10 लाख रुपये की धनराशि फर्जी पहचान पत्र पर खोले गए खाते में हस्तांतरित करने के मामले में जिला उपभोक्ता फोरम ने फैसला सुनाया। फोरम ने इलाहाबाद बैंक (इंडियन बैंक) और ऐक्सिस बैंक को खाता धारक को छह प्रतिशत ब्याज के साथ 10 लाख रुपये लौटाने का आदेश दिया है। फोरम ने दोनों बैंकों पर 25 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। आदेश का पालन न होने पर बैंकों को निर्णीत धनराशि पर नौ प्रतिशत ब्याज देना होगा।नगर के हाइडिल कालोनी निवासी दिनेश प्रताप सिंह व उनकी पत्नी मंजू सिंह ने अधिवक्ता सतीश कुमार पांडेय के माध्यम से 20 सितंबर 2016 को जिला उपभोक्ता संरक्षण फोरम में परिवाद प्रस्तुत कर कहा कि उनका एक संयुक्त खाता 202817573 इलाहाबाद बैंक की बस स्टेशन शाखा में है। इसके संचालन के लिए उन्होंने चेक बुक जारी कराया था जो 02 मई 2016 को चैक बाजार जाते समय कहीं गुम हो गई। इसकी सूचना देकर मंजू सिंह ने 017321 से 17340 संख्या के चेकों के भुगतान पर रोक लगाने की मांग की। लेकिन बैक कर्मियों ने उक्त चेकों से आहरण पर रोक नहीं लगाया।मंजू के अनुसार 21 जून 2016 तक उनके खाते में 12 लाख 87 हजार 880 रुपए था। जब उन्होंने 8 अगस्त 2016 को खाते से पैसा निकालना चाहा तब पता चला कि खाते से 26 जुलाई 2016 को चेक संख्या-017328 के जरिए 10 लाख का आहरण हो चुका है। छानबीन करने पर पता चला कि चेक धारक कौशल कुमार ने 10 जून 2016 को ऐक्सिस बैंक गोंडा शाखा में चेक संख्या 017229 से आठ लाख, 21 जून 2016 को चेक संख्या 017328 व 017339 प्रस्तुत किया गया, जिस पर धनराशि 10 लाख अंकित थी। हस्ताक्षर न मिलने के कारण यह सभी चेक अनादृत (डिसआर्नर) हो गए। इसके बाद कौशल कुमार ने अपने नाम से ही चेक संख्या 017328 को पुनः ऐक्सिस बैंक की गोंडा शाखा में 26 जुलाई 2016 को प्रस्तुत किया तो चेक क्लीयर हो गया और उनके संयुक्त खाते से 10 लाख आहरित हो गया। मामले में दर्ज अभियोग की विवेचना में पता चला कि ऐक्सिस बैंक बाराबंकी में ड्राइविंग लाइसेंस के आधार पर कौशल कुमार ने खाता खुलवाया है। आटीओ कार्यालय से उसकी सत्यता की जांच में वह फर्जी निकला। बैंक व उच्चाधिकारियों के स्तर से कोई संतोषजनक उत्तर न मिलने पर परिवादियों ने उपभोक्ता फोरम की शरण ली और बैंक कर्मियों की मिलीभगत, साजिश व सेवा में कमी का आरोप लगाते हुए इलाहाबाद बैंक बस स्टेशन शाखा, ऐक्सिस बैंक गोंडा व ऐक्सिस बैंक शाखा निकट डीएम आवास बाराबंकी के खिलाफ परिवाद दाखिल कर अपनी फर्जी हस्ताक्षर के जरिए निकली रकम 10 लाख, शारीरिक, मानसिक कष्ट. के लिए पांच लाख और व भागदौड़ के लिए 10 हजार रुपए दिलाने की मांग की।फोरम की नोटिस पर विपक्षी इलाहाबाद बैंक, ऐक्सिस बैंक गोंडा व बाराबंकी के शाखा प्रबंधकों ने जवाब दाखिल कर परिवादी के कथनों को निराधार बताते हुए परिवाद को निरस्त करने की मांग की। सुनवाई के दौरान परिवादियों व बैंक के अधिवक्ताओं की ओर से की बहस व पेश किए साक्ष्य के आधार पर फोरम ने माना कि उपभोक्ता की जमा रकम की सुरक्षा का दायित्व इलाहाबाद बैंक पर है। कूटरचित हस्ताक्षर वाले चेक से 10 लाख हस्तांरित करने से परिवादियों को क्षति हुई। जोकि उपभोक्ता सेवा में कमी का द्योतक है। फर्जी पहचान पत्र के आधार पर कौशल कुमार का खाता खोलने के लिए विपक्षी ऐक्सिस बैंक शाखा बाराबंकी उत्तरदायी है। इस प्रकार परिवादियों को हुई क्षति के लिए दोनों बैंक समान रुप से जिम्मेदार हैं।

# दुष्कर्म करने के आरोप में अभियुक्त गिरफ्तार



**अमरख्याल । रामसिंह**

**चौरी चौरा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अपराध एवं अपराधियो के प्रभावी नियंत्रण हेतु निर्देशित किया गया है जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक उत्तरी के निर्देशन में सहायक पुलिस अधीक्षक / क्षेत्राधिकारी चौरी-चौरा के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष गौरव राय कन्नौजिया थाना झंगहा द्वारा मु0अ0स0 86/2023 धारा 376 भादवि थाना झंगहा जनपद गोरखपुर से सम्बन्धित अभियुक्त अरबाज पुत्र ग्यासुद्दीन ग्राम डुमरी खुर्द थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया । अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# पेड़ से टकराकर मोपेड सवार की मौत

**अमर ख्याल । मिर्जामुराद।** क्षेत्र के लालपुर गांव के सामने हाइवे से सटे सर्विस रोड पर रविवार की रात 9 बजे मिजार्मुराद क्षेत्र के कल्लीपुर गांव निवासी रमेश गोंड पुत्र स्व.मेवालाल उम्र (40) वर्ष कछवांरोड के तरफ से अपने मोपेड से मिजार्मुराद की तरफ जा रहे थे कि साइकिल सवार को बचाने में मोपेड समेत रोड के किनारे लगे पेड़ से जा भिड़े जिससे गम्भीर रूप से घायल हो गया।ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष दीपक कुमार रनावत, एसआई हरिकेश यादव व अतुल कुमार त्रिपाठी ने गम्भीर रूप से घायल युवक को सरकारी एम्बुलेंस से इलाज हेतु ट्रॉमा सेंटर भेजा जहां पर युवक को डॉ ने मृत घोषित कर दिया।मृतक युवक अपने चार भाइयों में दूसरे नंबर का था व पांच पुत्रियों का पिता बताया गया।मृतक गांव में ही दाना बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।मृतक के मौत की सूचना मिलते है परिवार में कोहराम मच गया।

# पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर करा दी अपने पति की हत्या पुलिस ने पत्नी एवं प्रेमी सहित तीन को किया गिरफ्तार,

## निशानदेही पर मिला मृतक राजीव का शव

अमर ख्याल। राहुल कुमार



रामपुर। राजीव कुमार पुत्र रत्नलाल निवासी नाहिद सिनेमा के पास बिजलीघर थाना कोतवाली रामपुर जो विद्युत विभाग में लाईन कुली के पद पर ग्राम खौद थाना अजीमनगर में नियुक्त था के अचानक घर से गुम हो जाने के सम्बन्ध में उसकी पत्नि सीमा पत्नि राजीव कुमार द्वारा थाने पर आकर गुमशुदगी दर्ज करायी गयी । जिसकी जांच के दौरान सीमा पर संदेह होने पर उससे कड़ाई से पूछताछ करने पर बताय कि मै आर्टीफिशीयल ज्वैलरी बनाने का काम करती हूं वही मेरे साथ राहुल पुत्र भूकनलाल निवासी इन्द्रा कालौनी नाहिद सिनेमा के पास कोतवाली (तहेरा देवर) भी आर्टीफिशीयल ज्वैलरी बनाने का काम करता है। हम दोनो एक दूसरे से प्यार करने लगे जो पिछले डेढ वर्ष से चल रहा था, मेरा पति शराब पीने तथा जुआ खेलने का आदि था जिसपर काफी लोगो का 30-40 लाख रुपए का कर्जा हो गया था तथा मेरे साथ मारपीट कर परेशान करता था तो मैने राहुल से कहा कि इससे कैसे छुटकारा पाया जाय तो राहुल ने बताया कि इसको रास्ते हाटा देते है इसकी नौकरी आपको मिल जायेगी तथा बाद में हम दोनो शादी कर साथ रहने लगेगे। इसी पर दोनो के द्वारा योजना बद्ध तरीके से एक लाख साठ हजार रुपये में अपने पति की हत्या की सुपारी अपने प्रेमी राहुल के माध्यम से भाडे के हत्यारे अरुण पुत्र देवेन्द्र ,रवि पुत्र खानचन्द, सतीश पुत्र कन्हईलाल निवासी गण अहमदाबाद थाना शहजादनगर को दे दी तथा साठ हजार रुपये भी दे दिये शेष रुपये काम होने के बाद देना तय हुआ।योजना के अनुसार दिनांक 27.02.23 को ही राहुल द्वारा अपनी स्कूटी से उधार के पैसे दिलवाने व शराब पिलाने के बहाने राजीव को स्कूटी पर बैठाकर जंगल ग्राम अहमदाबाद /धमौरा में पहुँचा दिया जहाँ पर उसकी हत्यारे अरुण, रवि व सतीश द्वारा राजीव का गला घोटकर हत्या कर उसकी लाश को वही गढ्ढे में डालकर उपर से झाडिया डाल कर छुपा दिया वापस आकर मुझे राहुल ने काम तमाम करने की सारी बात बतायी तथा दिनांक 28.02.23 को सीमा द्वारा थाने पर आकर राजीव के गुम होने की गुमशुदगी थाना कोतवाली पर दर्ज करा दी गयी। ताकि, उस पर कोई संदेह न करे शनिवार की रात्री में मुखबिर की सूचना के आधार पर अभियुक्त राहुल व सतीश पुत्र कन्हईलाल को गिरफ्तार कर उनकी निशादेही पर धमौरा व अहमदाबाद थाना शहजानगर क्षेत्र के जंगल में झाडियों से मृतक राजीव के शव को बरामद किया गया तथा घटना में प्रयुक्त स्कूटी जिससे मृत्क को अभि0 राहुल द्वारा ले जाया गया था को भी बरामद किया गया तथा अभियुक्ता सीमा को भी उसके घर से गिरफ्तार किया गया इस सम्बन्ध में थाने पर मृतक के भाई वादी चन्द्रपाल सिंह पुत्र रतनलाल नि0 आगापुर अशोक विहार कालौनी थाना सिविल लाईन जनपद रामपुर की तहरीर पर धारा भादवी पंजीकृत किया गया है अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय में पेश किया जा रहा है । शेष फरार अभियुक्त की तलाश की जा रही है ।

# अधीक्षक की मिलीभगत से रामपुर मथुरा क्षेत्र में कुकुरमुत्तों की भांति चल रहे अवैध नर्सिंग होम एवं हॉस्पिटल

अमर ख्याल । अर्जुन सिंह




सीतापुर। जनपद सीतापुर के विकासखंड रामपुर मथुरा क्षेत्र अंतर्गत लालापुरवा चौराहे पर कमला क्लीनिक नाम से डॉ संदीप कुमार नर्सिंग होम संचालित करता है। जिससे मीडिया कर्मियों की टीम ने पूछताछ की तो स्वास्थ्य संबंधी किसी प्रकार डिग्री डिप्लोमा के बारे में जानकारी नहीं दे सका। तथा वही ललापुरवा चौराहे पर डॉ कुलदीप नामक व्यक्ति अवैध नर्सिंग होम का संचालन कर रहा है तथा जिसके पास भी किसी प्रकार का डिग्री डिप्लोमा नहीं है। तथा इसी प्रकार दुगार्पुर चौराहे पर शिव क्लीनिक नाम से अवैध हॉस्पिटल का संचालन होता है तथा सिहाला चौराहे पर बिना बोर्ड अवध हॉस्पिटल का संचालन हो रहा है। इसी प्रकार बांसुरा घाट चौराहे पर डॉ रामसेवक भार्गव,तथा अरविंद वर्मा मेडिकल स्टोर के साथ-साथ नर्सिंग होम का भी संचालन करता है । जानकारी प्राप्त सूत्रों के अनुसार अरविंद वर्मा बी फार्मा किए हुए। वहीं पर बांसुरा घाट से बेलहरी रोड पर उदयभान नामक व्यक्ति अवैध नर्सिंग होम का संचालन करता है जबकि जानकारी प्राप्त सूत्रों के अनुसार वह 10वीं फेल है। फिर भी उसके यहां डिलीवरी से लेकर भर्ती तक का काम किया जाता है।अब आप लोग इसी बात से अंदाजा लगा रहे होंगे कि इतने पढ़े-लिखे डॉक्टर इलाज के नाम पर कैसे जनता को चूस रहे हैं।

तथा जनता को बेवकूफ बनाकर धन की उगाही कर रहे हैं। इस तरह रामपुर मथुरा विकासखंड के अंतर्गत तमाम सैकड़ों की संख्या में कुकुर मुत्तों की भांति नर्सिंग होम एवं अवैध क्लिनिक चलाते हुए आपको नजर आएंगे। इस पर मीडिया कर्मियों के द्वारा उन्होंन अधीक्षक को कई बार इन अवैध हॉस्पिटल नर्सिंग होम के बारे में जानकारी दी गई है। लेकिन उनके कान पर जूं तक नहीं रेंगी। इससे साफ जाहिर होता है कि अधीक्षक की मिलीभगत से क्षेत्र में तमाम कुकुर मुत्तो की भांति नर्सिंग होम एवं क्लीनिक संचालित हो रहे हैं। जोकिअवैध एवं फजिर तरीके से संचालित हो रहे हैं ।जो इलाज के नाम पर भोली भाली जनता को बेवकूफ बनाकर धन का उगाही करते हैं। बीजेपी सरकार में भी यह झोलाछाप डॉक्टर देखिए किस प्रकार से क्षेत्र में राम राज की स्थापना कर रहे हैं। मीडिया कर्मियों ने कई बार इसकी सूचना रामपुर मथुरा स्वास्थ्य समुदायिक केंद्र अधीक्षक को दिए जाने के बावजूद भी इस पर उन्होंने आज तक कोई संज्ञान नहीं लिया है प्रश्न चिन्ह यह खड़ा होता कि क्या अधीक्षक की मिलीभगत है। अगर नहीं तो कार्यवाही क्यों नहीं। इन पर प्रशासन को कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए अब देखना यह है कि प्रशासन कड़ी से कड़ी कार्रवाई करता है या मिलीभगत से लीपा पोती होकर ऐसे ही चलते रहेंगे अवैध हॉस्पिटल एवं क्लीनिक।

# वाहन चोरी करने के आरोप में अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद



**अमरख्याल । रामसिंह**

**गोरखपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं वाहन चोरी करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी के निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर जनपद गोरखपुर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी कोतवाली के कुशल पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह थाना राजघाट जनपद गोरखपुर के नेतृत्व में थाना कैण्ट से चोरी हुए वाहन के साथ अभियुक्त विशाल सिंह पुत्र तेज प्रताप सिंह निवासी जमौली खुर्द थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया । बरामदगी के आधार थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 75/2023 धारा 411 भादवि पंजीकृत करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# चाकू के साथ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार



**अमर ख़्याल । राहुल कुमार**

**रामपुर।** रविवार को थाना मिलक पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त सुरेश नाथ गोस्वामी पुत्र अनोखे नाथ गोस्वामी नि0 मौ0 अस्दुल्लापुर कस्बा व थाना मिलक जिला रामपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0 धारा आर्म्स एक्ट को रेलवे लाईन पार पटवाई रोड से गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की गई । गिरफ्तार अभियुक्त सुरेश नाथ गोस्वामी पुत्र अनोखे नाथ गोस्वामी नि0 मौ0 अस्दुल्लापुर कस्बा व थाना मिलक जिला रामपुर

गिरफ्तार करने वाली टीम

1.उ0नि0 सुरेश चन्द

2.का0 698 सिद्धान्त भूल्लर

# किसान मंच की मासिक बैठक संपन्न हुई

## किसानों के साथ भाजपा सरकार में हो रहा अन्याय

**अमर ख्याल संवाददाता सीतापुर।** प्रत्येक माह की तरह किसान मंच की मासिक बैठक तरीनपुर कार्यालय पर उपस्थिति पदाधिकारी साथियों के साथ संपन्न हुई। जिसमें किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर चर्चा की गई।सभी ने एक स्वर में कहाअब तक के भाजपा कार्यकाल 6 वर्षों में गन्ना मूल्य 25 पैसे प्रति किलो के हिसाब से बढ़ा मूल्य किसानों के साथ मजाक के अलावा और क्या है? जबकि आज मोदी योगी की सरकार प्रसारित समाचारों में किसानों की बहुत हितैसी बनती है?जबकि चौबीस घंटे खेतों में घूम रहे आवारा जानवरों के कारण रात दिन जागने पर किसानों को मजबूर कर दिया गया है!संचालित गौशालाओं में खानापूर्ति कर योजना कागजों पर सीमित होकर रह गई है! किसानों को समय से चीनी मिलो द्वारा परचिया नहीं भेजी जाती, और अंत के महीने में एक साथ सभी पर्चियां भेज दी जाती हैं जिससे वह गन्ने की छिलाई तक भी नहीं करा पाते हैं।साथ ही नैमिष,नरसिहौंली गन्ना क्रय केंद्रों पर प्रति ट्राली एक कुंटल की अवैध वसूली की जा रही है!समाज में चारों तरफ असीमित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के कारण किसान मंच के पदाधिकारियों ने मुद्दा उठाते हुए कहा यह कैसी विडंबना है

# सरकारी सेमल के पेड़ को प्रधान के द्वारा रातों रातों कटवा लिया गया, अधिकारी जानकर बने अनजान

## आखिर योगी सरकार में दोषियों पर कब होगी कार्यवाही

अमर ख्याल । अंकित मिश्रा

सीतापुर / रेउसा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चंद्रसेनी में प्राथमिक विद्यालय कि सम्पति को ग्राम प्रधान आराधना सिंह के द्वारा सेमल के पेड़ को रातो रात बेच कर कटवा दिया गया`सरकारी स्कूल के कार्य के नाम पर सरकारी संपत्ति को प्रधान ने ठेकेदार बाबू ,कमलेश व दिवाकर सिंह को मोटी रकम को लेकर बिक्री कर दिया जबकि विद्यालय मरम्मत के कार्य के लिए सरकार हर वर्ष लाखों रुपए उपलब्ध कराती हैं। यह सेमल का पेड़ लगभग 50 वर्ष से अधिक पुराना हैं ।जिसको महज 40 हजार रुपयों में बेच दिया गया`प्राथमिक विद्यालय के मरम्मत कार्य के नाम लाखो रुपयों का घोटाला सामने आया है पेड़ काटने के बाद सरकारी प्राथमिक विद्यालय कि बाउंड्री को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया



जब इस संबंध में विसवां उप जिला अधिकारी पीएल मौर्य से बात की गई तो उन्होंने बताया मामला संज्ञान में आया है सक्षम अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित कर दिया गया है ।इसी क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सीतापुर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला हमारे संज्ञान में नहीं है अब जानकारी प्राप्त हुई है जिसको देखते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है और जांच कर-के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी अब देखना यह हैं कि डबल इंजन योगी और मोदी कि सरकार में रातों रात सरकारी सम्पति को ठेकेदारों के हाँथ बेचकर धराशाही कर दिया गया और योगी सरकार के जिम्मेदार अधिकारियों को भनक तक नही लगी। बड़ा सवाल यह खड़ा होता हैं कि 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने बाद भी अधिकारी सिर्फ कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति कर रहे हैं आखिर दो दिन बीत जाने के बाद कार्यवाही क्यों नही हुई और जिम्मेदार मामला जानकर भी अनजान बने हुए हैं। आखिर इन दोषियों पर कब होगी कार्यवाही।

# श्याम परिवार के तत्वाधान में तीन दिवसीय श्री श्याम रंग रंगीला फाल्गुन कार्यक्रम का आयोजन किया गया

अमरख्याल । रामसिंह



चौरी चौरा। श्याम परिवार के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम श्री श्याम रंग रंगीला फाल्गुन महोत्सव के आखरी दिन श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम अखंड ज्योति मंगल पाठ का आयोजन आकाशवाणी कलाकार गोपाल पाण्डेय ( पाठ वाचक ) द्वारा कराया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ।

जलती रहे खाटू वाले ज्योति थारी जलती रहे। भक्तिमय बातावरण के साथ महिलाओं ने मंगल पाठ किया। मंगल पाठ के दौरान भक्तिमय भजन अखण्ड ज्योति है अपार माया.श्याम देव की परवर छायाऽके साथ श्रद्धालुयों ने मंगल पाठ का आनंद लिया। कार्यक्रम समापन पर होली गीतो के भजनों पर झूमें श्रद्धालुयों ने श्री श्याम प्रभु और सभी देवी देवतायों के साथ रंग बिरंगी गुलाल व फूलों की होली खेल कर मनाया गया। कार्यकम का समापन श्री श्याब बाबा की आरती कर प्रसाद ग्रहण कर किया गया। इस अवसर पर निवर्तमान चेयर मैन सुनीता गुप्ता,पूर्व चेयरमैन जेपी गुप्ता,समाज सेवी सन्नी जायसवाल,स्वेता जायसवाल श्याम परिवार के अतुल अग्रवाल,किरण सुरेका,पंकज लाठ,अजय लाठ,प्रमोद सुरेका,मंजू सुरेका,आशा रानी लाठ,बबल लाठ,पंकज खेतान,अन्नू खेतान,संदीप सुरेका,राधा कृष्ण अग्रवाल,विनोद सुरेका,राजेश जायसवाल,संतोष अग्रवाल,अनुज लाठ, योगेश पाण्डेय,देवेंद्र लाट,सहित सैकड़ों श्याम भक्त उपस्थित रहे।

# लूट की घटना को अंजाम देने वाला शातिर लूटरा अपराधी गिरफ्तार

**अमर ख्याल संवाददाता**

**मनकापुर/गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित/प्रकाश में आए अभियुक्तों की शीघ्र ही गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा शिवराज के पर्यवेक्षण में घटना का सफल अनावरण हेतु क्षेत्राधिकारी मनकापुर के नेतृत्व में थाना कोतवाली मनकापुर पुलिस व एस0ओ0जी0 की सयुक्त टीमें गठित की गयी थी, वही उपरोक्त कुशल निर्देशन में आज दिनाकं 05.03.2023 को थाना कोतवाली मनकापुर व एस0ओ0जी0 की सयुक्त टीम द्वारा मुकदमा से सम्बन्धित अभियुक्तों की पतारसी- सुरागरसी करते हुए मुखबिर खास की सूचना पर थाना कोतवाली मनकापुर क्षेत्र के अन्तर्गत लूट करने वाला शातिर लूटेरा विशाल कुमार मिश्रा उर्फ गोपाल को गिरफ्तार कर लिया गया। तथा उनके कब्जे से चोरी की 01 अदद मोबाइल , 9200/- रुपए नगद, व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद किया गया। घटना में संलिप्त 01 बालअपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर जुवेनाइल कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली मनकापुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी ।गिरफ्तारकर्ता टीम अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक अरूण कुमार राय मय टीम थाना मनकापुर गोण्डा ।प्रभारी एस0ओ0जी0 संतोष कुमार सिंह मय टीम सहित मौजूद रहे

# अवैध मादक पदार्थ के दो तस्कर अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे



**अमर ख्याल संवाददाता**

**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री मे संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षो को कड़े निर्देश दिए, वही दूसरी तरफ नगर कोतवाली के कोतवाल राकेश कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक के उपरोक्त कुशल निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के तस्करों को चिन्हित कर शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु तत्काल प्रभाव से टीम किया गठित। कोतवाल के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान अभियुक्त 01. सैदूल शेख व 02. पैजल उर्फ रौजीदुर इस्लाम को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1किलो 300 ग्राम अवैध गाँजा बरामद किया गया। अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर में एन0डी0पी0एस0 एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी ।गिरफ्तारकर्ता टीम उ0नि0 बब्बन सिंह मय टीम सहित मौजूद रहे।

# लाभार्थियों को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण का स्वीकृति पत्र

## वित्तीय वर्ष-2022-23 में 17 हजार से अधिक लाभार्थियों को मिला आवास की सौगात

अमर ख्याल संवाददाता

गोण्डा। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष-2022-23 के तहसील सदर गोंडा के अंतर्गत विकासखंड झंझरी, पंडरीकृपाल, मुजेहना, इटियाथोक तथा रुपईडीह के चयनित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र/ संवेदीकरण /आवासीय साक्षरता एवं राज मिस्त्रियों के प्रशिक्षण के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का रॉयल पैराडाइज गोंडा में मुख्य अतिथि कीर्तिवर्धन सिंह,सांसद, गोंडा के गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में जनपद के लगभग 17 हजार से अधिक लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं 750 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण का मिला लाभ। इस कार्यक्रम में सदर तहसील के पांच विकास खंडों से कुल ढाई हजार लाभार्थियों को कार्यशाला में बुलाया गया था जिन्हें आज सांसद गोंडा कीर्तिवर्धन सिंह तथा



जिलाधिकारी डॉ० उज्वल कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी एम.अरुन्मोली व मा० ब्लॉक प्रमुख इटियाथोक, मुजेहना द्वारा लाभार्थियों को आवास का स्वीकृति पत्र वितरित किया गया है।

वहीं बताते चलें कि इस योजना के अंतर्गत जनपद के सभी वर्गों एवं दिव्यांगों सहित दैवीय आपदाओं के लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की मिली सौगात ।वहीं कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी डॉ० उज्वल कुमार ने इस कार्यशाला में आए हुए सभी लाभार्थियों एवं अन्य लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी साथ ही होली की अग्रिम शुभकामनाएं भी दिये। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने सभी लाभार्थियों को संबोधित करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना, आयुष्मान भारत योजना तथा स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में सभी लाभार्थियों को जानकारी दी और कार्यशाला में आए हुए सभी लोगों को होली की शुभकामनाएं दी ।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० रश्मि वर्मा, जिला विकास अधिकारी दिनकर विद्यार्थी, परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्रशेखर, सांसद प्रतिनिधि गोण्डा रमाशंकर मिश्र एवं राजेश सिंह, खंड विकास अधिकारी मुजेहना विकास मिश्र, खंड विकास अधिकारी रुपईडीह वर्षा सिंह, खंड विकास अधिकारी इटियाथोक तथा झंझरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# अवैध असलहे के साथ युवक की फोटो वायरल होने के मामले में नहीं हुई कार्यवाही



**अमर ख्याल । शिव आशीष**

**कटरा बाजार/गोण्डा।** जिले में दबंग व अपराधिक किस्म के लोगों में पुलिस का कोई खौफ नहीं दिख रहा है। जिससे थाना कटरा बाजार क्षेत्र में सोशल मीडिया पर बेखौफ एक युवक की फोटो अवैध असलहे के साथ बीते दिनों वायरल ह ुई थी,जिसमें युवक अवैध असलहे का खुलेआम प्रदर्शन करते हुऐ देखा गया। जिसके संबंध में हुए ट्वीट पर यूपी पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेकर एसपी आकाश तोमर एवं गोंडा पुलिस को आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया,लेकिन मामले में अभी तक पुलिस प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की है? ।मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार की सुबह सोशल मीडिया फेसबुक पर एक तस्वीर वायरल हुई। जिसमें गोंडा जनपद के थाना कटरा बाजार क्षेत्र में एक युवक सोशल मीडिया पर अवैध असलहे के साथ अपना फोटो डालकर दहशत फैलाने का काम कर रहा है। जिससे कुछ जागरूक लोगों,पत्रकारों ने पुलिस विभाग के आला अधिकारियों को मामले में ट्वीट करके अवगत कराया, जिस पर यूपी पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेकर एसपी आकाश तोमर एवं गोंडा पुलिस को आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया,लेकिन मामले में अभी तक पुलिस प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की है? और लीपापोती की जा रही है।

# कच्ची शराब से जागरूकता ही बचाव है- अजय कुमार राना



**अमर ख्याल/राहुल कुमार**

**रामपुर।** होली के आसपास शराब की मांग बढ़ जाती है जिस कारण कच्ची शराब अवैध रूप से पकाने के अपराध बढ़ जाते हैं। लेकिन कम लोग ही जानते हैं कि कच्चे तरीकों से लाहन को पकाकर बनाई गई शराब में मिथेनॉल और अन्य जानलेवा केमिकल होते हैं ।कच्ची शराब बनाने के लिए शीरे में खमीर लगाकर लाहन तैयार किया जाता है। लाहन में अल्कोहल की मात्रा कम होती है इसलिए इस लाहन को पकाकर, यानी इसका करके, अल्कोहल की मात्रा बढ़ाई जाती है। लेकिन डिस्टिलेशन के दौरान 65त डिग्री पर मिथेनॉल निकलता है और 80त डिग्री सेल्सियस पर इथेनॉल डिस्टिल होता है। कच्ची शराब बनाने वाले तकनीक के अभाव में इन दोनो को अलग नहीं कर पाते। शराब में मिथेनॉल की छोटी सी मात्रा भी पूर्ण अंधापन और तत्काल मृत्यु का कारण बन सकती है। केवल 10 मिलीलीटर मिथेनॉल की मात्रा शरीर में जाते ही करने शुरू कर देती है। 15 मिलीलीटर या अधिक मात्रा से अत्यंत दर्दनाक मौत होती है। भारत में पूर्व में भी अवैध शराब पीने से लाखों मौतें हो चुकी हैं। गूगल में ' डाल कर सर्च कीजिए,आपको कच्ची शराब की भयावहता का भान हो जायेगा। आप सभी से अनुरोध है कि होली के शुभ अवसर पर स्वयं और अपने आसपास के लोगों को शराब पीकर होली खेलने से रोकें। अपने आसपास के लोगों को कच्ची शराब के जानलेवा प्रभाव से भी अवगत कराएं। कच्ची शराब का सेवन करने वाले प्रायः गरीब लोग होते हैं जो फेसबुक-ट्विटर नहीं चलाते। अतः यह आपकी और मेरी ज़िम्मेदारी है कि हम इस बारे में जागरूकता फैलाएं। यदि आप जर्नलिस्ट हैं तो होली से पहले अपने अखबार या चैनल पर कच्ची शराब के जानलेवा प्रभावों को भी जगह दें। सद्भाव, उल्लास और गर्मजोशी से होली मनाएं, अपने और अपने परिवार के जीवन में खुशियां भरें। आत्मघाती न बने।

# एस.पी.जी.कॉलेज तंबौर में सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया

## खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है-सांसद

अमर ख्याल । विपिन तिवारी

सीतापुर। जनपद के तम्बोर कस्बे मे खेलो इंडिया अभियान के तहत के.पी.एस.पी.जी.कॉलेज तंबौर में सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया सांसद राजेश वर्मा सांसद खेल स्पर्धा का उद्घाटन किया सांसद ने कहा कि




खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है खेल हमे धैर्यवान अनुशासन और समय की महत्ता बताते है खेलना हमे हमारे आत्मविस्वाश के स्तर का निर्माण करना और उसमे सुधार करना सिखाता है खेलो के नियमित अभ्यास से हम अधिक स्वास्थ्य रहते है खण्ड शिक्षा अधिकारी बेहटा यशवन्त सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य शारीर में ही स्वास्थ्य मस्तिष्क का निर्माण होता है जो कि खेल के द्वारा ही संभव है खेलो से ही बच्चों का संपुर्ण विकास होता है सांसद खेल स्पर्धा में बेहटा ब्लॉक के बेसिक के जूनियर व कम्पोजिट समस्त विद्यालयों ने प्रतिभाग किया, सांसद खेल स्पर्धा सयोजक विश्ववीर गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किये 100 मीटर दौड़ जूनियर बालक वर्ग में मो.हस्सान प्रथम मो.अमीर द्वितीय जूनियर बालिका वर्ग में मोहिनी देवी प्रथम,रोहिणी राज द्वितीय लम्बी कूद बालक में मो.हस्सान प्रथम,रोहित द्वितीय स्थान प्राप्त किया लम्बी कूद बालिका वर्ग में मोहिनी प्रथम तथा रोहिणी राज द्वितीय स्थान पर रही कब्बडी बालिका वर्ग में यूपीएस बिसवाँ खुर्द प्रथम व चन्दीभानपुर द्वितीय स्थान पर रहे बालक कब्बडी वर्ग में रिजा पब्लिक स्कूल प्रथम व जीनियस मांटेसरी स्कूल द्वितीय रहे गोल फेक बालक वर्ग में रिहान प्रथम रहे गोला फेक बालिका वर्ग में रागिनी कस्तूरबा गांधी प्रथम रही वॉलीवाल सीनियर वर्ग प्रतियोगिता में के पी एस पी जी कॉलेज प्रथम व लोहिया इण्टर कॉलेज द्वितीय स्थान पर रहे। इस कार्यक्रम में विजयी प्रतिभागियों को सांसद राजेश वर्मा,खण्ड शिक्षा अधिकारी बेहटा यशवन्त सिंह व अन्य गणमान्य नेताओं ने भी बच्चों को पुरस्कृत किया प्रतियोगिता में जय कुमार वर्मा,गिरिजेश गुप्ता का विशेष योगदान रहा। संचालन जिला व्यायाम शिक्षा राज शर्मा ने किया इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य के पी एस पी जी कॉलेज भानु प्रकाश मिश्रा समेत पूरा स्टाफ उपस्थित रहा और भाजपा जिला मंत्री राजेश शुक्ला,महेश शर्मा,चंचल श्रीवास्तव,चन्द्र कुमार मिश्र,के के त्रिवेदी,अनुपम वर्मा,बिक्की वर्मा,हशीन खा,मन्नू जैन,अनिल अवस्थी,सुरेन्द्र राजवंशी,विजय नाथ चौरसिया,सुशील पाण्डेय,डॉ इन्द्रसेन सिंह,सत्य प्रकाश सिंह,सिद्धार्थ पटेल,राजेन्द्र सिंह,संतोष सिंह,धीरेन्द्र विक्रम सिंह,राहुल सिंह रघुवंशी,अमरेश सिंह,मनोज वर्मा,जय प्रकाश द्विवेदी,साबिर अली,इजहार खां, मो.असरफ,अरविंद कुमार,पंकज शाक्य,रोहित सिंह,चंदन सिंह चंदेल,जमुना सागर सिंह,शमीम बानो व विकास खण्ड के समस्त शिक्षक मौजूद रहे।

# 7 शाखाओं के 305 स्वयंसेवकों का शाखा संगम कार्यक्रम संपन



**अमर ख्याल । विपिन तिवारी**

**लहरपुर सीतापुर ।** नगर के खेमकरण इंटर कॉलेज विद्यालय में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लहरपुर नगर की ओर से 7 शाखाओं के 305 स्वयंसेवकों का शाखा संगम कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता विष्णु दत्त प्रांत पर्यावरण प्रमुख अवध प्रांत मौजूद रहे, जिसमें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विष्णु दत्त ने कहा कि जीवन सीखना है तो शाखा पर जाएं मानवता सीखनी है तो संघ से सीखे, संघ की शाखा चरित्र निर्माण की स्थली है संघ की शाखाओं में तार्किक खेल-खेल में बुध का विकास करते हैं संघ के कार्य का आधार शाखा है शाखा ही संघ संघ की जगह जगह लगने वाली शाखाओं को रविवार को एक ही जगह एक साथ लगाने का अभिनव प्रयोग किया गया जिसमें सभी शाखाओं के मुख्य शिक्षक एवं शाखा कार्यवाह अपना ध्वज एवं अपने शाखा के स्वयंसेवकों को लेकर अपने निश्चित स्थान पर पहुंचे जिसमें एक ही प्रांगण में इतनी शाखा एवं उनके अलग-अलग ध्वज सभी उपस्थित लोगों का मन मोह रहे थे। शाखा के नियमित आसन व्यायाम सूर्य नमस्कार समता संचालन अभ्यास के बाद संघ की प्रार्थना नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे सामूहिक रूप से हुई जिसमें नगर संघचालक निरंकार मेहरोत्रा, सरसंघचालक शिव शंकर, नगर कार्यवाह राजन खरे, नगर सहकारी वाह पंकज, नगर प्रचारक अजय, सलिल सर्विस विनय पंकज सा सेवा प्रमुख मुकेश अपूर्व राजेश्वर रस्तोगी अवनीश अमित सहित समस्त संघ से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

# करंट लगने से बालक घायल

**अमर ख्याल/राहुल कुमार**

**रामपुर।** शहजादनगर क्षेत्र के मड़ैयान बल्लू गांव निवासी एक बच्चे को खंबे में लगे तार से करंट उतरने से एक बच्चा बुरी तरह झुलस गया।

घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मड़ैयान बल्लू गांव निवासी निवासी विजय का 11 बर्षीय पुत्र अनुराग सुबह करीब 11 बजे अपने घर की छत पर खेल रहा था। इसी बीच मकान के बराबर से जा रही 11 हजार पावर की बिजली की लाइन की चपेट में आ गया। छत पर खेल रहा बालक मकान की छत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलस गया।

# त्रिलोक पुर पुलिस ने आगामी त्यौहार होली को लेकर किया विभिन्न गांवों में मार्च



**अमर ख्याल । मुकेश पाण्डेय**

**सिद्धार्थ नगर।** थाना त्रिलोक पुर पुलिस ने आगामी त्यौहार होली को लेकर थाना क्षेत्र अंतर्गत कई गांवों तक किया मार्च जिसमें भारी पुलिस बल के साथ प्रभारी निरीक्षक सूर्य प्रकाश सिंह उपनिरीक्षक तथा चौकी प्रभारी बिजौरा पप्पू कुमार कांस्टेबल युधिष्ठिर यादव सहित थाना त्रिलोक पुर की तमाम पुलिस बल रहे मौजूद बाइक तथा पुलिस वैन से किया मार्च जिसमें भड़रिया सेखुइया बेतनार जुडीकुइया बिजौरा सिंगारजोत गागापुर सहित थाना क्षेत्र के अन्तर्गत दर्जनों गांव में किया मार्च वहीं थाना प्रभारी सूर्य प्रकाश सिंह ने होली शान्ति पूर्ण रूप से मनाने का किया अपील

# डालमिया शुगर मिल में सुरक्षा सप्ताह का हुआ शुभारम्भ

अमर ख्याल । विपिन तिवारी

सीतापुर ।डालमिया भारत शुगर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड जवाहरपुर में शुक्रवार को 52वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। चीनी मिल मीडिया प्रभारी सुधीर सिंह ने बताया की राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया जो पूरे 1 सप्ताह तक चलेगा इसका समापन 11 मार्च को होगा। यूनिट के मुखिया टी. एन. सिंह ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का झंडा फहरा कर चीनी मिल के अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई एवं सभी अधिकारी व कर्मचारियों को सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत होने वाले विभिन्न तरह के कार्यक्रमो पर प्रकाश डालते हुए बताया और जागरूक भी कराया, साथ ही साथ यह भी बताया की सुरक्षा लोगों के लिए कितना सर्वोपरि है। श्री सिंह ने मिल कर्मचारियों को बताया काम करते समय सुरक्षा उपकरणों को महत्व देना बहुत उपयोगी होता है जिससे दुर्घटना होने की संभावना खत्म हो जाती है अगर कर्मचारी व




अधिकारी गण सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करते रहेंगे तो दुर्घटना होने की संभावना कम हो जाएंगी। इसी क्रम में उन्होंने यह भी बताया की पूरे सप्ताह में प्रत्येक दिन और प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षा के उपाय बताए जाएंगे। विविध कार्यक्रमो का आयोजन होगा, कई तरह की प्रतियोगिताएं भी आयोजित कराई जाएंगी। श्री सिंह ने कम्पनी के सुरक्षा नियमों को मजबूत बनाने के लिए इकाई के सभी विभागाध्यक्षों को जिम्मेदारियां सौंपी और निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभागाध्यक्ष मिल कर्मचारियों को सुरक्षा नियमो की पूर्ण जानकारी से अवगत कराते हुए जागरूक करने का कार्य करें। राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह में मिल कर्मियों को सुरक्षा के लिहाज से प्रशिक्षण भी दिया जाएगा और प्रतियोगिताएं भी कराई जाएंगी, उन्होंने कहा इस सुरक्षा सप्ताह के कार्यक्रम में मिल कर्मचारियों को ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाना चाहिए। कार्यक्रम में मौजूद सुरक्षा मैनेजर अवधेश पाठक ने सभी व्यक्तियों को सुरक्षा की शपथ दिलाई व अगले कार्यक्रमों के बारे में भी परिचित कराया। इस कार्यक्रम के मौके पर मनीष जैन, आशीष बंसल, सुधीर वर्मा, जीबी यादव, आशीष कुमार सिंह, रत्नेश झा, धर्मेंद्र सिंह, के एम तिवारी व सभी विभागाध्यक्ष व सभी अधिकारी, कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# पैसा निकाल लिया लेकिन पूर्ण नहीं कराया शौचालय का निर्माण कार्य

## केंद्र व राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में भ्रष्टाचार का घुन

अमर ख्याल । विपिन तिवारी

सीतापुर। जनपद सीतापुर में राज्य और केन्द्र सरकार की प्राथमिकता में शामिल शौचालय निर्माण की मुहिम को भ्रष्टाचार का दीमक लग गया है ।रातों रात शौचालय खड़े किये गये हैं जो अब खण्डहर में तब्दील हो गये हैं और निष्प्रयोज्य बनते जा रहे है लेकिन उनमें निर्माण सामग्री का कोई पुरसाहाल नहीं है ।शौंचालयों की गुणवत्ता चेक न होने से प्रधान,सचिव व ठेकेदार हर दिन लाखों रुपये के वारे न्यारे कर रहे हैं और कागजों में स्वच्छता का मिशन पूरा किया जा रहा है ।सरकार हर घर में शौचालय बनवाने का प्रयास कर रही है लेकिन प्रधान सचिव और



जिम्मेदार अधिकारी शासन की महत्वपूर्ण योजना को ग्रहण लगा रहे है ।सरकार हर घर में शौंचालय बनवाकर प्रत्येक गांव को खुले में शौच मुक्त घोषित कर रही है ।लेकिन अधिकारियों को गांवों का निरीक्षण न करना सबसे बडा भ्रष्टाचार माना जा रहा है यानी अधिकारी गांवो को खुले में शौच मुक्त कराने में विफल हो रहे हैं क्योंकि बनवाए गए ज्यादातर शौचालय टूट चुके हैं ।इसकी एक बड़ी वजह है कि शौचालय निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जाना है ।विकास खण्ड पिसावां क्षेत्र की ग्राम पंचायत हरनी कीरतपुर में बने मानक विहीन शौंचालय निष्प्रयोज्य बनते जा रहे है ।गांव में स्वच्छता अभियान दम तोडता नजर आ रहा है गांव में बनी नालियां चोक पडी है ।गांव के प्रधान ग्राम पंचायत अधिकारी सभी अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड रहे हैं यहां तक कि गांव का कभी भी निरीक्षण नहीं किया जा रहा है जिसके चलते यहां के हालात बद से बदतर होते जा रहे है ।गांव में लोगों के बने शौंचालय अधिकतर खण्डहर बन गये हैं जिनका प्रयोग करने से लोग बीमार हो सकते हैं ।अनियमितता व मानक विहीन की मिल रही शिकायतों पर भी अधिकारी हरनी गांव का निरीक्षण नहीं कर रहे है ।गांवों में शौचालय का निर्माण कराने के साथ जिले को शौच मुक्त कर कागजी खानपूर्ति की गई है वहीं अधिकांश ग्राम पंचायतों में निर्मित शौचालय जहां मानक के विपरीत बने हैं तो कई मामलों मे तो जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों द्वारा जांच करने के साथ कार्रवाई भी की गई है इसके बाद भी यह सिलसिला चलता रहा है यदि जनपद के गांवों में बने शौंचालयों की जांच करा दी जाये तो हकीकत सामने आ जायेगी।

# आगामी त्यौहार आते ही खाद्य सुरक्षा टीम का दिखने लगता है कार्य

## (नकली दूध बनाने वाले व्यापारियों से खाद सुरक्षा विभाग का है पुराना गठबंधन)

अमर ख्याल शिव आशीष

गोंडा।आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ तथा जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार होली के त्यौहार को मद्देनजर रखते हुए खाद्य सुरक्षा टीम त्योहारों में मिलावट करने वाले मिष्ठान भंडार तथा थोक विक्रेताओं के यहां चेकिंग अभियान चलाकर मात्र खानापूर्ति करती हुई नजर आती है क्योंकि त्यौहार को मद्देनजर रखते हुए उत्तर प्रदेश शासन को यह रिपोर्ट भेजी जाती है इस वजह से चेकिंग अभियान चलाया जाता है परंतु पूरे साल समूचे जनपद में जगह जगह पर दूध से क्रीम निकालने वाले विक्रेताओं तथा दुकानों में छापेमारी नहीं की जाती है जिससे यह साबित होता है कि त्योहारों को मद्देनजर रखते हुए



यह चेकिंग अभियान चलाया जाता है और पूरे वर्ष दूध क्रीम निकालकर जगह-जगह दूध की सप्लाई की जाती है और औषधि विभाग के कर्मचारी अपनी आंख पर पट्टी बांधकर बैठे हो जाते हैं जैसे उन्हें कुछ मालूम ही ना हो वहीं जिले करनैलगंज क्षेत्र के गोंडा लखनऊ राजमार्ग व कर्नलगंज से परसपुर, कटरा बाजार मार्ग सहित पूरे जिले में कई ऐसी दुकानें खुली है जहां सुबह से ही दूध व्यापारी अपने दूध से क्रीम निकाल कर तथा दूध को मिलावटी करके जगह जगह पर सप्लाई करते हुए नजर आते हैं और खाद्य सुरक्षा टीम अपनी आंख पर पट्टी बांधे हुए बैठी रहती है यह फिर यह भी कहा जा सकता है कि ऐसे कार्य करने वाले लोगों से खाद्य सुरक्षा टीम की पुरानी सांठगांठ है जिस कारण चेकिंग के नाम पर कोई वहां जाना भी पसंद नहीं करता और यदि किसी व्यक्ति द्वारा इस मामले की शिकायत की जाती है तो पहले से ही उन व्यापारियों को सूचित कर दिया जाता है कि आज तुम्हारे यहां चेकिंग होने वाली है

ऐसा कोई भी कार्य ना करना कि मजबूरी में कार्यवाही करना पड़े इस वजह से आज तक जनपद में कई ऐसे स्थान खुले होने के बावजूद भी उन पर कार्यवाही होते हुए नजर नहीं आई है और ना ही किसी को दिखाई पड़ा है कि ऐसा कार्य करने वाले लोगों के ऊपर आज तक कार्यवाही हो पाई कहीं ना कहीं खाद्य सुरक्षा टीम की इस चेकिंग पर सवालिया निशान खड़ा होता है कि त्योहार के आते ही आखिरकार यह टीम शासन व प्रशासन को फोटो भेजने में चेकिंग करने का अभियान चलाते हैं और इस दौरान शासन को फोटो भेजने का काम करते हैं जैसे माना जाए कि वह पूरे वर्ष ईमानदारी का काम करते हैं परंतु जमीनी हकीकत देखा जाए तो शहर से लेकर गांव तक कई ऐसी दुकानें खुली हुई है जहां पर नकली दूध बनाकर जनता तक पहुंचाया जाता है और यह टीम आंख में पट्टी बांधकर धृष्टराष्ट्र बनी हुई बैठी रहती है।

# एनजीटी के आदेश को ठेंगा: गोवर्धन परिक्रमा मार्ग में फरार्टा भर रहे है वाहन

अमर ख्याल । राजेश कुमार

मथुरा। बृजमंडल में होली की धूम मची हुई है ।इस मौके पर दर्शन व परिक्रमा हेतु दूर-दराज से श्रद्धालु भारी संख्या में तीर्थनगरी गोवर्धन पहुंच रहे हैं। गोवर्धन पर्वत के चहुंओर सप्तकोसीय परिक्रमा मार्ग में एनजीटी के आदेश के बाद लगी रोक के बावजूद चार पहिया व भारी वाहन धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। स्थानीय पुलिस प्रशासन इस पर कोई रोक नहीं लगा पा रहा है। बताते चलें कि अभी हाल ही में



एनजीटी न्यायालय द्वारा अपने 17 बिंदुओं पर जारी आदेशों की अनुपालना को लेकर प्रगति रिपोर्ट तलब की गई है। विश्वत सूत्रों के अनुसार, रविवार सुबह गोवर्धन राधाकुंड परिक्रमा मार्ग स्थित प्रसिद्ध कुसुम सरोवर के पास बड़ी बस, मैजिक टेंपो, थ्री व्हीलर के अलावा अन्य चार पहिया वाहन दौड़ते नजर आए। इसके अलावा परिक्रमा मार्ग के अन्य क्षेत्रों में भी वाहन दौड़ते हुए नजर आ जाएंगे। बता दें कि प्रशासनिक लापरवाही के चलते यह सिलसिला काफी दिनों से बदस्तूर जारी है। वहीं, होली के पर्व के दृष्टिगत परिक्रमा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। ऐसे में अगर कोई हादसा हो जाए तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। शायद पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी किसी गंभीर हादसा होने के इंतजार में है। लोगों का कहना है कि पुलिस स्थानीय लोगों के प्रवेश को लेकर तो परेशान करती है वहीं, रोक के आदेश के बावजूद बस स्टैंड मल्टीलेवल कार पार्किंग के सामने से डग्गामार गाड़ियों का संचालन हो रहा है। डग्गामार वाहन सवारियों को बसों की छतों पर बैठाकर ले जा रहे हैं। सुबह एकता तिराहा पर भारी जाम रहा। वृंदावन व मथुरा जाने वाले मार्गों पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम में एक एंबुलेंस भी फंस गई। पुलिस कहीं नजर नहीं आई। सीओ गोवर्धन राम मोहन शर्मा के मुताबिक, परिक्रमा मार्ग में वाहन प्रतिबंधित हैं। वाहनों का प्रवेश नहीं होने दिया जाएगा। तो वहीं थाना गोवर्धन प्रभारी निरीक्षक नितिन कसाना के अनुसार ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# मा0 मोहर पाल सिंह डॉ अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष चुने

अमर ख्याल । राजेश कुमार

मथुरा। जनपद में हर वर्ष की भांति संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ अंबेडकर के जन्मोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई है। अंबेडकर जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल समारोह व शोभायात्रा बड़ी धूमधाम से भीम संगीत से शहर में होकर निकाली जाती है। डॉ अंबेडकर जन्मोत्सव मेला समिति के द्वारा अध्यक्ष पद हेतु बाबा साहब अंबेडकर प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अंबेडकर भवन डीग गेट पर बैठक संपन्न हुई, जिसमें संचालक एमपी सिंह द्वारा किया गया। मिली जानकारी के अनुसार बैठक में उपस्थित रहे सर्व सम्मति के द्वारा डॉ अंबेडकर महोत्सव मेला समिति ने मा० मोहर पाल सिंह को अध्यक्ष चुना गया।



इस मौके पर मा० मोहर पाल को अध्यक्ष चुने जाने जाने पर लोगों ने माला पटका पहनाया और एक दूसरे को मिठाई खिला कर बधाई दी। अमर ख्याल संवाददाता राजेश कुमार (आरपी सिंह राठौर?) से बातचीत में अध्यक्ष मोहर पाल सिंह ने बातचीत में बताया अबकी बार संविधान निमार्ता बाबा साहब अंबेडकर का १४ अप्रैल को मनाया जाने वाला जन्मोत्सव और साल की अपेक्षा ज्यादा हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। पूर्व अध्यक्ष दिनेश कुमार, लेखपाल बेचैन सिंह, मान सिंह दरोगा, अशोक केसरिया, जेपी भारती, डालचंद मेंबर, ऋषि कुमार निमेश, संतोष कुमार, पृथ्वीराज पोईया, चितरंजन सिंह, कृष्ण गोपाल कर्दम, महेश, मोहन सिंह कर्दम, विजय सिंह, कन्हैयालाल मेहरा, हरपाल सिंह, डॉ अमर सिंह, जितेंद्र कुमार, विजय सिंह बाजना, लक्ष्मीचंद पोस्टमैन, जितेंद्र सिंह, विजय गौतमी, मधु, रूमा देवी, गुरु प्यारी सत्संगी, आरपी सिंह राठौर समता न्यूज संपादक एंव भीम अनुयाई रहे।

# चार साल के मासूम को चॉकलेट का लालच देकर दुष्कर्म करने वाला युवक गिरफ्तार, गया जेल




**अमर ख्याल ।**

**मिर्जामुराद।** क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की शाम चार साल के मासूम बच्ची को चॉकलेट का लालच देकर कमरे में जाकर बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के मामले में करधना (भटपुरवा) गांव निवासी आरोपी युवक को रविवार मिजार्मुराद पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया।

मिजार्मुराद थानाध्यक्ष दीपक कुमार रणावत ने बताया कि शुक्रवार की शाम एक चार साल की मासूम बच्ची को पास के युवक ने चॉकलेट का लालच देकर कमरे में ले जाकर बच्ची के साथ दुष्कर्म किया ।बच्ची के रोने पर मां कमरे पहुंची तो युवक भाग निकला ।शनिवार को मिजार्मुराद थाने पहुंच बच्ची की मां ने युवक के खिलाफ तहरीर दिया ।पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ धारा 376 अइ भादवि व 5ट/6 पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज करने के बाद युवक के तलाश में जुट गई ।मुखबिर की सूचना पर करधना बाजार से आरोपी युवक जुलकर नैन 'बोम्मल' निवासी करधना (भटपुरवा) को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया ।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दीपक कुमार रणावत, एसआई हरिकेश यादव, कांस्टेबल आशुतोष सिंह, विकास यादव, कमलेश यादव समेत अन्य लोग रहे।

# अनियंत्रित बाइक सवार गिरकर घायल

अमर ख्याल ।

मिर्जामुराद। क्षेत्र के खजुरी चौराहे के सामने रविवार की शाम बाइक सवार कछवांरोड निवासी रंजीत कुमार व शिवम कुमार साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में बाइक सवार अनियंत्रित होकर बाइक सहित गिरकर घायल हो गए ।ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को पास के सूर्यांश हास्पिटल में भर्ती कराया गया।

# मोहनसराय ट्रान्सपोर्ट नगर योजना से पीड़ित किसानो को वैधानिक रूप परिपक्व बनाने हेतु लगी पाठशाला

## पीड़ित किसानो ने होली नही मनाने का सर्वसम्मत से लिया निर्णय





**अमर ख्याल ।**

**रोहनिया।** बैरवन पंचायत भवन पर रविवार को किसानों को वैधानिक रूप से परिपक्व एवं कानून की विस्तृत जानकारी हेतु मोहनसराय किसान संघर्ष समिति के संरक्षक किसान नेता विनय शंकर राय मुन्ना की अध्यक्षता मे लगी पाठशाला तथा किसान पंचायत हुई। जिसमें किसानों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि वाराणसी जिला प्रशासन की गैर कानूनी हरकतो एवं तानाशाही रवैया से आजिज आकर एवं परेशान होकर किसान इस वर्ष होली का त्यौहार नहीं मनाएंगे और रंगों की होली नहीं खेलेंगे। क्योंकि प्रशासन के लोग कानून का खुला उलंघन कर अन्नदाता की नीद हराम कर दिये है। प्रशासन खुलेआम अन्नदाता के हक अधिकार पर डाका डालने हेतु अमादा है जिसके दुखित होकर योजना से प्रभावित उक्त चारो गांव के किसान रंगो का त्यौहार होलो नही मनाने एवं खेलने का निर्णय लिये क्योंकि किसान दुखित होकर टूट चुका है ।किसानो का रंग में भंग प्रशासन डाल चुका है। पाठशाला के मुख्य वक्ता दी बनारस बार के पूर्व महामंत्री नित्यानंद राय ने भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के प्रावधानों को विस्तार से बताया ।उन्होने कहा जन सूचना अधिकार के तहत मांगी गई सूचनाओं की जानकारी न देना प्रशासन के अवैधानिक कार्यो का स्पष्ट प्रमाण है। 1998 की अधिसूचना से लेकर बिना किसानो के सहमति के 2003 में किसानों का नाम अर्जेन्सी दिखाकर काटना एवं विकास प्राधिकरण वाराणसी का दर्ज करना , बिना अवार्ड किए किसानो का नाम उनके ही पुस्तैनी जमीन से काटकर विकास प्राधिकरण का नाम किसानों की खतौनी पर दर्ज कर लेने से लेकर 2013 भू अर्जन एवं पुनर्वास कानून के आधार पर 26/07/2021 में उत्तर प्रदेश शासन के आदेश पर उक्त योजना रद्द कर किसानो की जमीन डिनोटिफाई हेतु लिए गए निर्णय एवं माननीय उच्च न्यायालय प्रयागराज में चल रहे मुकदमे के दौरान कब्जे की प्रक्रिया पुनः अपनाना पूर्णता अवैधानिक एवं तानाशाही है। वैधानिक लड़ाई हेतु किसानो को घर घर जाकर जागरूक करने हेतु जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय हुआ जिसके संयोजक किसान पुत्र उदय वर्मा को बनाया गया। पंचायत एवं पाठशाला में प्रमुख रूप से मेवा पटेल, बिहारी पटेल, अमलेश पटेल ,हृदय नारायण उपाध्याय, दिनेश तिवारी, बिटना देवी, भगवती देवी, राजपति देवी, लक्ष्मीना, कलावती, राजेश मिश्रा , लाल बहादुर पटेल, जय नाथ मिश्रा , विजय गुप्ता, प्रेम शाह , डॉ सुरेंद्र पटेल, मनोज पटेल, रमेश पटेल, राम राज पटेल, अमृतलाल , धीरू यादव सहित इत्यादि किसान शामिल थे।

# घर से नाराज होकर निकले दिव्यांग का नदी में मिला शव

## दो दिन पहले क्षुब्ध होकर बावन बिगहवा स्थित घर से निकला था

**अमर ख्याल । लोहता:** दो दिन पहले घर से नाराज होकर निकले 40 वर्षीय दिव्यांग दिनेश पटेल की रविवार को लोहता थाना क्षेत्र के भरथरा मथुरापुर गांव के सामने वरुणा नदी में उतराई लाश मिली। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को निकलवाया ।पुलिस ने परिवार वालो को सूचना दी वह पहुचे ।इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दी ।सुबह मथुरापुर के किसान नदी के किनारे खेती के लिए गये थे ।इस दौरान उन्होंने ने नदी में उतराया शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। कुछ देर बाद थाना अध्यक्ष राजकुमार पांडेय सहयोगियों के साथ पहुचे। पुलिस ने क्षेत्रीय लोगो की मदत से शव को बाहर निकलवाया। इस बीच मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। भीड़ में ही एक व्यक्ति ने उसकी पहचान मथुरापुर के मक्खन पटेल के रिश्तेदार के रूप में की। पुलिस की सूचना पर मक्खन पटेल और परिवार के लोग आये। मक्खन पटेल ने उसकी पहचान दिनेश पटेल के रूप में की और बताया कि वह उसके फूफा है। दिनेश पटेल वाराणसी आजमगढ़ मार्ग स्थित बावन बिगहवा फकीरपुर गांव के सोमारू पटेल का बेटा है। मक्खन की सूचना पर रोते बिलखते परिजन पहुचे। पता चला कि दो दिन पहले वह घर से नाराज होकर निकला था। इस दौरान वह फूफा के घर भी नही गया और आज उसकी लाश फूफा के गांव के सामने वरुणा नदी में उतराई मिली। दिनेश की पत्नी रेखा है और दोनों से पांच वर्ष का बेटा आलोक है।

# वाराणसी के किसान कमलेश सिंह दिल्ली में हुए सम्मानित





**अमर ख्याल । मिर्जामुराद।** कल्लीपुर निवासी वाराणसी के प्रगतिशील किसान कमलेश सिंह को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली द्वारा केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री, भारत सरकार कैलाश चौधरी के कर कमलों से ह्लनवोन्मेषी किसानह्व से सम्मानित हुए। इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के निदेशक डॉक्टर हिमांशु पाठक एवं निदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान से डॉक्टर ए.के. सिंह की गरिमामयी उपस्थिती में सम्मानित किया गया। हर साल की तरह इस साल भी भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा कृषि विज्ञान मेले का आयोजन दो से 4 मार्च (तीन दिवसीय )2023 को किया गया इस बार मेले का विषय ३मोटे अनाजों द्वारा पोषण३ खाद्यान्न एवं पर्यावरण सुरक्षा सुनिश्चित किया गया था इस विशाल मेले का उद्घाटन केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री माननीय नरेंद्र सिंह तोमर ने किया। कृषि के विभिन्न मुद्दों पर तकनीकी सत्र के अलावा स्मार्ट खेती ,जलवायु अनुकूल खेती, एसपीओ ,किसान विपणन एवं निर्यात आदि विषयों की जानकारी लेने एवं सम्मानित होने भारत के विभिन्न राज्यों से विभिन्न किसानों ने भाग लियो कृषि विज्ञान केंद्र वाराणसी गांव कल्लीपुर, ब्लॉक आराजी लाइन ,का नाम रोशन करते हुए कल्लीपुर के प्रगतिशील किसान कमलेश सिंह को उनके कृषि एवं संबंध गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान देते हुए नवोन्मेष किसान के रूप में सम्मानित किया गया है ।कमलेश सिंह अपने खेतों पर अन्य उगा रहे हैं साथ ही साथ प्राकृतिक खेती भी कर रहे हैं ।यही नहीं कमलेश सिंह अपने आसपास के लोगों को प्राकृतिक खेती के फायदे बताकर उन्हें मोटे अनाज उगाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं ।कमलेश सिंह कृषि विज्ञान केंद्र वाराणसी से काफी लंबे समय से जुड़े हुए हैं और समय-समय पर केंद्र के विभिन्न स्कीम का फायदा भी ले रहे हैं केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष कमलेश सिंह के इस नए आयाम से काफी खुश हैं और उन्होंने कमलेश सिंह को बधाई देते हुए केंद्र की तरफ से हर संभव सार्थक प्रयास में अपना साथ देने का वादा किया है ।आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय अयोध्या जिसके अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र कार्य कर रहा है के कुलपति माननी डॉ विजेंद्र सिंह ने कमलेश के इस उपलब्धि पर हृदय से बधाई देते हुए उन्हें केंद्र से जुड़े रहकर कृषि में और भी अच्छा काम करने की सलाह दी है ।डॉ शांतनु दुबे निदेशक अळअफ्ककानपुर ने कमलेश सिंह को हृदय से बधाई दिया। गत दिनों केंद्र पर आयोजित किसान मेले में डॉ. राव ने कमलेश जी से मुलाकात की थी और उन्हें काफी नई तकनीको के बारे में जानकारी भी दी डॉ. राव ने केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक व वैज्ञानिकों को भी बधाई दी जिन के सहयोग से कमलेश ने यह उपलब्धि हासिल की है ।साथ ही पद्म भूषण से सम्मानित वाराणसी के ही किसान श्री चंद्रशेखर ने भी अपनी बधाई कमलेश को दी है तथा केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर नवीन सिंह, डॉ अमितेश सिंह, डॉ. प्रतीक्षा सिंह डॉ. मनीष पांडे, डॉ राहुल सिंह, प्रकाश सिंह समेत फॉर्म मैनेजर राणा पीयूष सिंह आदि ने कमलेश को हृदय से बधाई दी।

# महाराज बलवन्त सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता सम्पन्न





**अमर ख्याल ।**

**रोहनिया।** महाराज बलवन्त सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय गंगापुर परिसर में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन समापन के दौरान महाविद्यालय के बी.ए., बी.सी.ए., एल. एल. बी० और एम.ए. के छात्र छात्राओं ने कबड्डी, बाली बॉल, बैडमिंटन, खो-खो, शतरंज, रस्सा कस्सी आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की एल. एल. बी. टीम विजेता और बी. ए. टीम उपविजेता घोषित हुई दोनों टीम को चल वैजयन्ती भी प्रदान की गई । विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी खिलाड़ियों को मेडल पहना कर अतिथियों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.अखिलानन्द सिंह ने किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से प्राचार्य प्रो. पुरुषोत्तम सिंह, प्रो शैलेन्द्र कुमार सिंह , प्रो आलोक कुमार कश्यप, प्रो मंजु मिश्रा,अंगद प्रसाद यादव, डॉ अर्चना सिंह,डॉ रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# मोहनसराय हाईवे ओवर ब्रिज पर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल भाई की इलाज के दौरान हुई मौत

## ट्रामा सेंटर में घायल बहन का हो रहा है इलाज





**अमर ख्याल । रोहनिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मोहनसराय पुलिस चौकी के पास हाईवे ओवर ब्रिज पर शनिवार को दिन में 2 बजे ट्रक टक्कर से बाइक सवार भाई मनोज यादव उम्र 26 वर्ष तथा बहन उर्मिला उम्र 42 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मोहनसराय चौकी इंचार्ज शिवानंद सिसोदिया ने उक्त दोनों घायलों को इलाज के लिए बीएचयू में स्थित ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। इलाज के दौरान रविवार को घायल मनोज यादव की मौत हो गयी। पुलिस ने मृतक मनोज यादव के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। मृतक मनोज यादव की पत्नी आरजू देवी की गोद में सात माह का एक बच्चा है। घटना की जानकारी होने पर पत्नी आरजू देवी व मां राधा देवी सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया ।प्राप्त जानकारी के अनुसार लोहता थाना क्षेत्र के सरवनपुर निवासी शारदा यादव का पुत्र मनोज यादव लंका थाना क्षेत्र के डाफी के पास नैपुरा गांव में अपनी बहन उर्मिला के घर गया हुआ था ।जहा से अपनी बीमार बहन उर्मिला देवी को बाइक पर बैठाकर रूपापुर दवा के लिए जाते समय मोहनसराय हाईवे स्थित रेलवे ओवरब्रिज पर ट्रक ने बाइक में टक्कर मारते हुए फरार हो गया। जिससे बाइक सवार भाई-बहन दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। बीएचयू स्थित ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मनोज यादव की मौत हो गई और बहन उर्मिला देवी का इलाज चल रहा है।

# नॉरिस के पंजे से दिल्ली विजयी

## डब्ल्यूपीएल: बेंगलुरु को 60 रन से शिकस्त दी



**मुंबई।** कप्तान मेग लैनिंग (72) और शेफाली वर्मा (84) के विस्फोटक अर्धशतकों के बाद तारा नॉरिस (29/5) के पंजे की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 60 रन से रौंदकर टूर्नामेंट में धमाकेदार शुरुआत की।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली की टीम के लिए सलामी जोड़ी लैनिंग-शेफाली ने पहले विकेट के लिए ताबड़तोड़ 162 रन की साझेदारी करके इस जीत की नींव रखी। शेफाली ने 84 रन जबकि लैनिंग ने 43 गेंद पर 72 रन की कप्तानी पारी खेली। दोनों सलामी बल्लेबाजों के पवेलियन लौटने के बाद मारिजाने काप (39 नाबाद) और जेमिमा रोड्रिग्स (22 नाबाद) ने दिल्ली को 20 ओवर में दो विकेट पर 223 रन तक पहुंचाया। बेंगलुरु के लिए नाइट ने दोनों विकेट लिए, हालांकि उन्होंने अपने तीन ओवर में 40 रन भी दिए। विशल लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान स्मृति मंधाना ने बेंगलुरु को तेज शुरुआत दिलाई, हालांकि उनका विकेट गिरने के बाद टीम मैच से बाहर होती चली गयी। स्मृति ने 23 गेंद पर 35 रन बनाए, जबकि एलीसे पेरी ने मध्य ओवरों में संघर्ष करते हुए 19 गेंद पर पांच चौकों के साथ 31 रन की पारी खेली। दसवें ओवर में एलीसे पेरी के प्रहार के बावजूद टीम आधी पारी के समापन तक 88 रन ही बना सकी। ऋचा घोष, हीथर नाइट और कनिका आहूजा भी बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहीं। बेंगलुरु के 13 ओवर में 96 रन पर छह विकेट गिरने के कारण मैच से बाहर हो चुका था, हालांकि नाइट (34 रन) और शूट (नाबाद 30 रन) ने मैच खत्म होने से पहले कुछ अच्छे शॉट खेले। नाइट ने 34 रन की अपनी पारी में 21 गेंद पर दो चौके और दो छक्के जड़े। बेंगलुरु अंत में 20 ओवर में आठ विकेट पर 163 रन ही बना सकी। अमेरिका की तारा नॉरिस ने दिल्ली के लिए सर्वाधिक चार विकेट झटके।

### तारा नॉरिस पांच विकेट लेने वाली पहली गेंदबाज

दिल्ली तारा नॉरिस डब्ल्यूपीएल के इतिहास में पांच विकेट लेने वाली पहली खिलाड़ी बनी। उन्होंने 4 ओवर में सिर्फ 29 रन देकर आरसीबी के 5 विकेट झटके। तारा ने एलिसे पेरी, दिशा कसत, ऋचा घोष, हीथर नाइट और कनिका अहूजा को अपना शिकार बनाया।तारा अमेरिका की तेज गेंदबाज है। वह एक एसोसिएट देश से आती है। डब्ल्यूपीएल ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल से तारा की इस उपलब्धि को शेयर किया है। इस ट्वीट में लिखा गया है कि टाटा डब्लूपीएल में 5 विकेट लेने वाली पहली गेंदबाज अमेरिका की तारा नॉरिस बनी है। नाम याद रखना। तारा को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार भी मिला।

### स्कोर बोर्ड

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| मेग लैनिंग बो. नाइट | 72 | 43 | 14/0 |
| शेफाली वर्मा कै. घोष बो. नाइट | 84 | 45 | 10/4 |
| मारिजैन नाबाद | 39 | 17 | 3/3 |
| जेमिमाह नाबाद | 22 | 15 | 3/0 |

**अतिरिक्त: 6, कुल:** 20 ओवर में दो विकेट पर 223 रन **विकेट पतन:** 1-162, 2-163, **गेंदबाजी:** रेणुका सिंह 3-0-24-0, मेगन शुट्ट 4-0-45-0, प्रीति बोस 4-0-35-0, एलिसे पेरी 3-0-29-0, सोफी डिवाइन 1-0-20-0, सोभना आशा 2-0-29-0, हीथर नाइट 3-0-40-2,

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| स्मृति मंधाना बो. शिखा कै. कैप्सी | 35 | 23 | 5/1 |
| सोफी डिवाइन कै. वर्मा बो. कैप्सी | 14 | 11 | 3/0 |
| एलिसे पेरी बो. नॉरिस | 31 | 19 | 5/0 |
| दिशा कासत कै. कैप्सी बो. नॉरिस | 09 | 11 | 1/0 |
| ऋचा घोष कै. राधा बो. नॉरिस | 02 | 04 | 0/0 |
| हीथर नाइट कै. लैनिंग बो. नॉरिस | 34 | 21 | 2/2 |
| कनिका आहूजा कै. वर्मा बो. नॉरिस | 00 | 01 | 0/0 |
| आशा शोभना कै. राधा बो. शिखा | 02 | 03 | 0/0 |
| मेगन शुट्ट नाबाद | 30 | 19 | 5/0 |
| प्रीति बोस नाबाद | 02 | 08 | 0/0 |

**अतिरिक्त: 4, कुल:** 20 ओवर में आठ विकेट 163 रन **विकेट पतन:** 1-41, 2-56, 3-89, 4-90, 5-93, 6-93, 7-96, 8-150 **गेंदबाजी:** शिखा पांडे 4-0-35-1, मारिजैन कप्प 4-0-36-0, जेस जोनासेन 4-0-28-0, एलिस कैप्सी 2-0-10-2, राधा यादव 2-0-24-0, तारा नॉरिस 4-0-29-5,

### अंकतालिका में मुंबई टॉप पर

महिला आईपीएल में अब तक खेले गए तीनों मैच बेहद शानदार रहे। तीन मैच के बाद अंक तालिका में मुंबई इंडियंस दो अंक और 7.150 की नेट रन रेट के साथ शीर्ष पर मौजूद हैं। वहीं, दिल्ली दो अंक और 3.000 की शानदार नेट रन रेट के साथ दूसरे नंबर पर है।

## गुजरात की लगातार दूसरी हार, वॉरियर्स ने दी मात



**मुंबई।** यूपी वॉरियर्स ने किरण नवगिरे (52) और ग्रेस हैरिस (59 नाबाद) के विस्फोटक अर्धशतकों की बदौलत विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के रोमांचक मुकाबले में रविवार को गुजरात जायंट्स को तीन विकेट से मात दी। इस जीत के साथ वॉरियर्स ने दो अंक हासिल कर लिए, जबकि गुजरात दो मैचों में लगातार दो हार के बाद अब भी अपना खाता नहीं खोल सकी है। गुजरात ने 20 ओवर में छह विकेट पर 169 रन बनाए। गुजरात के लिए हरलीन देओल ने सर्वाधिक 46 रन बनाए। इसके अलावा गार्डनर 25 रन, मेघना 24 रन और हेमलता ने 21 रन का योगदान दिया। यूपी के लिए दीप्ति शर्मा और एकलस्टन ने दो-दो विकेट झटके। वॉरियर्स ने 170 रन ने लक्ष्य को सात विकेट खोकर 19.5 ओवर में हासिल कर लिया। नवगिरे ने 43 गेंद पर पांच चौकों और दो छक्कों के साथ 53 रन बनाये, हालांकि उनके आउट होने के समय वॉरियर्स लक्ष्य से काफी दूर था। वॉरियर्स को जब 18 गेंद में 53 रन की दरकार थी तब हैरिस ने इस असंभव से लक्ष्य को हास्यास्पद बनाते हुए ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। हैरिस ने 26 गेंद पर सात चौकों और तीन छक्कों के साथ 59 रन की पारी खेली और विजयी छक्का जड़कर एक गेंद रहते हुए ही वॉरियर्स को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। गुजरात के लिए किम गार्थ ने पांच विकेट झटके।

# शेष भारत ने जीता ईरानी कप

## जायसवाल के दम पर मध्य प्रदेश को 238 रन से हराया



**ग्वालियर।** युवा प्रतिभावान बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की अद्भुत बल्लेबाजी की बदौलत शेष भारत ने मध्य प्रदेश को 238 रन से रौंदकर रविवार को ईरानी कप जीत लिया।

शेष भारत ने मध्य प्रदेश के सामने 437 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में मध्य प्रदेश 198 रन पर ऑलआउट हो गई। पहली पारी में 213 रन बनाने वाले जायसवाल ने दूसरी पारी में भी शतक जड़ते हुए 144 रन बनाए थे। शेष भारत के अन्य बल्लेबाज जहां कुछ बड़ा नहीं कर सके, वहीं जायसवाल के शतक ने टीम को 246 रन के स्कोर तक पहुंचाया था। मैच के आखिरी दिन मध्य प्रदेश ने 81/2 से शुरुआत की।मध्य प्रदेश को जीत के लिए 356 रन की जरूरत थी जो लगभग असंभव था और दिन की शुरुआत में ही कप्तान हिमांशू मंत्री के आउट होने से उसकी मुश्किलें बढ़ गयीं। हिमांशू ने 81 गेंद पर आठ चौकों के साथ 51 रन बनाये और वह चौथे दिन के स्कोर में एक भी रन जोड़े बिना पवेलियन लौट गए। इसके बाद से घरेलू टीम के विकेटों का सिलसिला शुरू हो गया और वह 198 रन पर सिमट गयी। हिमांशू के आउट होने के बाद तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने पहली पारी के शतकवीर यश दुबे को बोल्ड कर दिया। ग्वालियर से आने वाले अमन सोलंकी ने 45 गेंद पर छह चौकों के साथ 31 रन बनाकर कुछ देर के लिये अपने घरेलू मैदान को रौशन कर दिया। उन्होंने हर्ष गौली के साथ पांचवें विकेट के लिए 49 रन की साझेदारी की। अतीत सेठ ने सोलंकी को आउट करके यह साझेदारी समाप्त की। सोलंकी मध्य प्रदेश के आखिरी बल्लेबाज थे और इसके बाद टीम लंच से 10 मिनट पहले ही सिमट गयी। वामहस्त स्पिनर सौरभ कुमार (3/60) और ऑफ स्पिनर पुलकित नारंग (2/27) ने अंतिम चार विकेट लेते हुए भारतीय घरेलू सीजन के आखिरी टूर्नामेंट का समापन किया।

### शेष भारत 26 बार जीत चुका है खिताब

अब तक 59 बार ईरानी कप का आयोजन हो चुका है। इसमें 26 बार शेष भारत विजेता रही है, जबकि 8 मुकाबलों में कोई नतीजा नहीं निकल पाया। महज 25 बार रणजी ट्रॉफी जीतने वाली टीमें कप जीतने में सफल रहीं। शेष भारत के बाद मुंबई ने कुल 29 बार ईरानी कप खेलने का मौका मिला और उसमें 12 बार यह टीम चैंपियन बनी।

### मीराबाई चानू को मिला बीबीसी सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार

**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक में रजत विजेता भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने पहलवान विनेश फोगाट और साक्षी मलिक, मुक्केबाज निकहत जरीन और बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु को पछाड़कर बीबीसी का वर्ष का भारतीय महिला खिलाड़ी के पुरस्कार जीता। मणिपुर की यह 28 वर्षीय भारोत्तोलक पहली ऐसी खिलाड़ी बन गई हैं जिन्होंने लगातार दो वर्ष यह पुरस्कार जीता। इससे पहले 2021 में भी उन्होंने यह पुरस्कार हासिल किया था। मीराबाई भारोत्तोलन में ओलंपिक रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। पिछले साल उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविना पटेल को वर्ष की पैरा महिला खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए चुना गया।




**भोपाल।** लाला लाजपत राय कॉलोनी बाग दिलकुशा में विधायक क्रिकेट ट्रॉफी का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में शहर की 64 टीमों ने भाग लिया।

### आरकेडीएफ डेंटल कॉलेज ने जीती मानसरोवर प्रीमियर लीग



भोपाल। आरकेडीएफ डेंटल कॉलेज मानसरोवर प्रीमियर लीग चैंपियन बना है। फाइनल मानसरोवर डेंटल कॉलेज और आरकेडीएफ डेंटल कॉलेज के बीच खेला गया। मानसरोवर डेंटल कॉलेज की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 97 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरकेडीएफ की टीम 10 ओवर में ही जीत गई। मैन ऑफ द मैच रहे फराज ने 10 गेंदों में 40 रनों की शानदार पारी खेलकर टीम को 5 विकेट्स से जीत दिलाई। अपनी इस पारी में फराज ने 4 छक्के और एक चौका लगाया। फराज को प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया। इसके साथ ही एक स्पेशल मैच मानसरोवर डेंटल कॉलेज गर्ल्स टीम और ऋषिराज डेंटल की गर्ल्स टीम के बीच खेला गया जिसे मानसरोवर की गर्ल्स टीम ने जीत लिया। बेस्ट बॉलर एमडीसी के राहुल पांडेय, बेस्ट फील्डर ऑफ टूर्नामेंट एमडीसी के सोमेन स्वाइन, बेस्ट बैट्समैन एमडीसी के शिशिर राज को दिया गया। विजेता टीम को विजेता ट्रॉफी के साथ 21000 रुपए एवं उपविजेता टीम को 11000 रुपए की राशि प्रदान की गई। मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर इंजीनियर गौरव तिवारी ने टूर्नामेंट की विजेता और उपविजेता टीमों को बधाई दी।

### सेंट माइकल अकादमी फाइनल में

**भोपाल।** दूसरे सैयद शकील मोहम्मद क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले में रितेश गुडगे के शानदार अर्धशतक 57 रन की मदद से सेंट माइकल अकादमी ने अरेरा अकादमी को सात विकेट से पराजित फाइनल में पहुंची। बाबेआली मैदान पर खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में अरेरा अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 121 रनों का स्?कोर खड़ा किया। इसमें अश्विन दास ने 35 रन बनाए। जवाब में सेंट माइकल अकादमी ने 12 ओवर में तीन विकेट खोकर 125 रन बनाकर सात विकेट से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। इसमें रितेश गुडगे ने 31 गेंदों का सामना किया और 11 चौके की मदद से 57 रन की पारी खेली।

### अरेरा एकेडमी की शानदार जीत

**भोपाल।** सेंट चावरा क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। पहला मैच अरेरा क्रिकेट एकेडमी और संजय गुप्ता क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया। पहली पारी में पहले टॉस जीतकर अरेरा क्रिकेट एकेडमी ने 45 ओवर में 180 रन बनाए। इसके जवाब में संजय गुप्ता एकेडमी की पूरी टीम 99 रन पर 10 विकेट खोकर ऑल आउट हो गई। मैन ऑफद मैच आर्यवीर रहे, जिन्होंने 23 रन बनाया और चार विकेट लिए। प्रतियोगिता का उद्घाटन रजत मोहन वर्मा, शांति जैन और फादर जेम्स के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर आरके यादव और सुरेश चैनानी विशेष रूप से उपस्थित हुए।

### शाहिद कपूर का खिलाड़ी अवतार

**मुंबई।** ओटीटी शो की सफलता से नई ऊंचाई हासिल करने वाले शाहिद कपूर इन दिनों अलग अंदाज में दिखाई दे रहे हैं। शाहिद ने स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म खिलाड़ी डॉटकॉम के कैंपेन शूट के लिए जैसे ही स्टूडियो में कदम रखा, माहौल ही बदल गया। इसकी पहली रील उनके इंस्टाग्राम हैंडल पर लाइव हो चुकी है।जिसमें वे एक एम्प्लॉई हैं और ऑफिस में अपने बॉस से बात कर रहे हैं। इसमें बॉस बोनस परसेंटेज देने का ऑफर लगातार बढ़ाते हैं जबकि शाहिद कूल अंदाज में टेबल पर पैर रखकर रिफ्यूज करते दिखाई देते हैं। आखिरी में फाइनल अमाउंट के लिए राजी होने के बाद शाहिद कहते हैं क्योंकि खिलाड़ी अपना भाव जानता है।

# वैदेही चौधरी ने क्वॉलीफायर के दूसरे दौर में जगह बनाई

## आईटीएफ महिला ओपनः जापान की जुनरी नमगाटा को मात दी




**बेंगलुरु।** भारतीय युवा टेनिस खिलाड़ी वैदेही चौधरी ने रविवार को केएसएलटीए स्टेडियम में जापान की जुनरी नमगाटा को 6-2, 6-0 से हराकर आईटीएफ महिला ओपन के एकल क्वॉलीफायर के दूसरे दौर में जगह बनाई।

नौवीं वरीय वैदेही को जीत के लिए ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ी, क्योंकि पहले सेट में डबल ब्रेक के कारण उन्होंने जीत हासिल की। दूसरे सेट में उन्होंने बेहतर प्रदर्शन करते हुए मैच अपने नाम कर लिया। वैदेही अब सोमवार को फाइनल क्वॉलीफाइंग मैच में मुख्य ड्रॉ में अपनी जगह पक्की करने की कोशिश करेंगी। क्वॉलीफायर के दूसरे दौर में प्रवेश करने वाली वह एकमात्र भारतीय खिलाड़ी थीं, क्योंकि बाकी खिलाड़ियों को हार का सामना करना पड़ा था। यह आयोजन, जो आईटीएफ महिला विश्व टेनिस टूर का एक हिस्सा है, बेंगलुरु में कर्नाटक स्टेट लॉन टेनिस एसोसिएशन (केएसएलटीए) द्वारा आयोजित किया जा रहा है। क्वॉलीफायर में शीर्ष वरीयता प्राप्त जापान की हिरोको कुवाटा को जर्मनी की सारा रेबेका सेकुलिक से 2-6, 0-6 से हार का सामना करना पड़ा। लेकिन ताइपे की दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ली पेई ची को भारत की हुमेरा बहार्मस को 6-3, 6-3 से हराने में थोड़ी परेशानी हुई। मुख्य ड्रॉ मंगलवार से शुरू होगा, क्योंकि भारत की कर्मन कौर थांडी, अनुभवी अंकिता रैना और चेक गणराज्य की 15 वर्षीय ब्रेंडा फ्रुहवितोर्वा एक्शन में नजर आएंगी।

# सानिया ने हैदराबाद में खेला विदाई मैच

## कहा, मैं कोर्ट पर हर पल के लिए आभारी हूं




**हैदराबाद।** भारत के सबसे सफल टेनिस खिलाड़ियों में से एक सानिया मिर्जा ने यहां अपने गृह नगर में प्रशंसकों, परिवार, दोस्तों और खेल हस्तियों के बीच अपना विदाई मैच खेला। हैदराबाद के लाल बहादुर टेनिस स्टेडियम में सनिया ने अपने टेनिस करियर की शुरुआत की थी और इसी स्टेडियम विदाई मैच खेलकर खुशी के आंसुओं के साथ एक खिलाड़ी के तौर पर अपनी 20 साल की शानदार यात्रा का समापन किया।

सानिया ने तेलंगाना सरकार के इस आयोजन में रोहन बोपन्ना, युवराज सिंह, इवान डोडिग, बेथानी माटेक-सैंड्स, कारा ब्लैक, मैरियन बारटोली जैसे प्रसिद्ध टेनिस सितारों के साथ दोस्ताना मैच खेले। प्रदर्शनी मैचों में सानिया के परिजन, तेलंगाना के मंत्री केटी रामाराव, श्रीनिवास गौड़, केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रीजीजू, पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन, राज्य सरकार के गणमान्य व्यक्ति और सानिया मिर्जा टेनिस अकादमी के छात्र उपस्थित रहे। छत्तीस वर्षीय सानिया लाल रंग की कार में स्टेडियम पहुंची और कई नामी गिरामी हस्तियों सहित दर्शकों ने तालिया बजाकर उनका अभिनंदन किया। छह बार (तीन महिला युगल में और तीन मिश्रित युगल में) की ग्रैंडस्लैम विजेता ने दो मिक्सड डबल के मैच खेले और दोनों मैचों में उन्हें जीत हासिल हुई। सानिया ने इस भावुक कर देने वाले आयोजन पर कहा, 'मैंने अपने करियर में जितना सोचा था उससे कहीं अधिक हासिल किया है, और मैं कोर्ट पर हर पल के लिए आभारी हूं। मैं हमेशा खेलना चाहती हूं और अपना आखिरी मैच हैदराबाद में अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलकर आभार व्यक्त करना चाहती हूं। इस आयोजन के लिए मैं तेलंगाना सरकार की बहुत आभारी हूं। देश के लिए 20 सालों तक खेलना उनके लिए सबसे बड़ा सम्मान रहा है। मैच के बाद रामा राव और तेलंगाना के खेल मंत्री वी श्रीनिवास गौड़ ने सानिया को सम्मानित किया।

### मुरलीधर एशियन क्रास कंट्री चैम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम के प्रबंधक बने

**भोपाल।** मध्य प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव अर्जुन मुरलीधर को एथलेटिक्स फेडरेशन आफइंडिया द्वारा 5 से 8 मार्च तक काठमांडू नेपाल में आयोजित होने वाले 16वें एशियन क्रास कंट्री चैम्पियनशिप 2023 में भाग लेने वाले भारतीय दल का प्रबंधक नियुक्त किया गया है। बेबी, भूमेश्वआर्य देवी, छवि यादव, मुन्नी देवी, प्रियंका, संजीवनी बाबूराव जाधव, सोनिका, सृष्टि श्रीधर, आनंद सिंह, बलराम, दिब्यांशु कुमार, हेमराज गुर्जर, नितेश कुमार, शिवजी परशुराम, सुभासिस घोष, विजय संजय सवारात्कर भारतीय दल का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

### प्रमोद भगत को रजत से करना पड़ा संतोष

**नई दिल्ली।** भारतीय शटलर प्रमोद भगत को एकल एसएल3 श्रेणी में रजत से संतोष करना पड़ा, जब वह स्पेनिश पैरा-बैडमिंटन इंटरनेशनल टोलेडो 2023 के फाइनल में इंग्लैंड के डेनियल बेथेल से हार गए। फाइनल 58 मिनट तक चला, प्रमोद भगत पहले सेट में थोड़ा संघर्ष करते दिखे, लेकिन दूसरे में जोरदार वापसी की। लेकिन मैच के तीसरे सेट में 6-21 और 18-21 से हार गए। मिश्रित युगल सेमीफाइनल में प्रमोद भगत और मनीषा रामदास, जिन्होंने एक्सडी एसएल3 - एसयू 5 में प्रतिस्पर्धा की थी, सेमीफाइनल में फ्रांस के लुकास मजूर और फॉस्टीन नोएल से हार गए और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

### इथोपियाई धावकों ने टोक्यो मैराथन में जीते पांच पोडियम स्थान

**टोक्यो।** इथोपियाई धावकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टोक्यो मैराथन में छह पोडियम स्थानों में से पांच स्थान जीत लिए। देसो गेलमिसा ने हमवतन मोहम्मद इसा को मात्र एक सेकंड से पीछे छोड़कर पुरुषों की दौड़ 2: 05:22 में जीत ली। उनके टीम साथी सेगाया गेटाच्यु तीसरे स्थान पर रहे। इथोपिया ने महिला वर्ग दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में केन्या की रोजमैरी वानजीरु ने 2: 16: 28 में जीत अपने नाम की। सेहाय गेमचू ने 2:16: 56 के समय के साथ दूसरा और अशेते बेकेरे (2:19: 11) को तीसरा स्थान मिला।

# एम्बाप्पे पीएसजी के लिए सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी




## पीएसजी ने लीग-1 में नैनटेस को 4-2 से मात दी

**पेरिस।** पीएसजी ने रविवार को फ्रांस की शीर्ष घरेलू लीग (लीग-1) में नैनटेस पर 4-2 से हराकर अंकतालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। इस दौरान फ्रांस के स्टार फुटबॉल खिलाड़ी किलियन एम्बाप्पे पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के लिए सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए।

उन्होंने नैनटेस के खिलाफ पीएसजी से खेलते हुए अपने करियर का 201वां गोल दागा। उनकी टीम ने लीग वन में नांतेस पर 4-2 से जीत हासिल की। एम्बाप्पे ने इंजरी टाइम में गोल किया। पीएसजी ने शुरुआती 20 मिनट में ही दो गोल की बढ़त ले ली थी। लियोनल मेसी ने 12वें और नांतेस के जावेन हदजाम ने 17वें मिनट में आत्मघाती गोल किया। इसके बाद लुडोविक ब्लास ने 31वें और इग्नाटियस गनागो ने 38वें मिनट में गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद एम्बाप्पे के असिस्ट पर डेनिलो परेरा ने गोल दाग पीएसजी को बढ़त दिला दी। स्टोपेज टाइम में एम्बाप्पे ने गोल दाग रिकॉर्ड अपने नाम किया और साथ ही पीएसजी को जीत दिलाई। पीएसजी के 26 मैचों में 63 अंक हैं। वहीं 25 मैच में 52 अंक के साथ मार्सेले साथ दूसरे नंबर पर है। अन्य मैच में लिली ने लेंस को 1-1 की बराबरी पर रोका। 24 साल के एम्बाप्पे ने पीएसजी के लिए 247वां मैच खेलने के बाद कहा, जब मैं यहां आया था तब काफी कम उम्र का खिलाड़ी था। मैंने यहां बहुत कुछ सीखा है। मैं इतिहास बनाने के लिए खेलता हूं। मैंने हमेशा यह कहा है । मैं इस टीम और फ्रांस के लिए यह करना चाहता हूं। यह एक व्यक्तिगत उपलब्धि है लेकिन मैं यहां सामूहिक उपलब्धियों के लिए भी आया हूं।

### एम्बाप्पे ने तोड़ा कवानी का रिकॉर्ड

2017 में 18 साल की उम्र में मोनाको को छोड़कर पीएसजी के लिए साइन करने के बाद से एमबीप्पे सिर्फ 247 मैच में 201 गोल दागे है। नैनटेस के खिलाफ पीएसजी के लिए उनका 201वां गोल था जो कि सबसे ज्यादा है। फ्रांस के इस स्टार फुटबॉलर ने मर्साइल के खिलाफ जीत में गोल के साथ एडिन्सन कवानी के पीएसजी के लिए 200 गोल के रिकॉर्ड की बराबरी की थी। अब पार्क डेस प्रिंसेस में इंजरी टाइम में गोल दाग अपना रिकॉर्ड कवानी का रिकॉर्ड तोड़ दिया हैं। उरुग्वे के स्टार कवानी ने 2020 में रिकॉर्ड बनाया था। हालांकि, इसके लिए उन्होंने पीएसजी के लिए 298 मैच खेले थे और सात साल लगे थे। 24 वर्षीय एम्बाप्पे को मैच के बाद क्लब द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित भी किया गया।

### अजय देवगन इस साल तीन 200 करोड़ी फिल्में देने वाले अकेले स्टार, 'दृश्यम 2' ऐसी 5वीं बॉलीवुड फिल्म

एंटरटेनमेंट डेस्क. अजय देवगन स्टारर ने कमाई का शानदार सफर जारी रखते हुए वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। इसके साथ ही यह दुनियाभर में 200 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाई करने वाली इस साल बॉलीवुड की पांचवीं और अजय देवगन की दूसरी बॉलीवुड फिल्म बन गई है। वैसे अगर सभी इंडियन फिल्मों की बात करें तो यह अजय देवगन की इस साल की तीसरी ऐसी फिल्म है, जिसने दुनियाभर में कमाई का 200 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार किया है। इसके साथ अजय देवगन बॉलीवुड के एकमात्र ऐसे मेल एक्टर बन गए हैं, जिन्होंने वर्ल्डवाइड तीन 200 करोड़ी फिल्में दी हैं। एक ट्रेड ट्रेकिंग वेबसाइट ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि अभिषेक पाठक के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने 10 दिन में वर्ल्डवाइड ग्रॉस 203 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। नीचे की स्लाइड्स में जानिए फिल्म का बजट, इंडिया में इसका ग्रॉस कलेक्शन और वर्ल्डवाइड 200 करोड़ का आंकड़ा पार करने वाली बाकी 4 बॉलीवुड फिल्में कौन सी हैं और यह अजय देवगन कि इस साल की तीसरी 200 करोड़ रुपए का कलेक्शन पार करने वाली फिल्म कैसे हुई... कुमार मंगत पाठक ने 'दृश्यम 2' का निर्माण भूषण कुमार और कृष्ण कुमार के साथ मिलकर किया है। फिल्म इसी नाम से बनी मोहनलाल स्टारर मलयालम फिल्म की हिंदी रीमेक और 2015 में रिलीज हुई 'दृश्यम' की सीक्वल है।

## आवारा कुत्ते असम भेज दो खाते हैं लोग : बच्चू कादु

**मुंबई, (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधायक और प्रहार जनशक्ति पार्टी के प्रमुख बच्चू कादु का कहना है कि असम के लोग कुत्ते खाते हैं, इसलिए आवारा कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए उन्हें असम भेज देना चाहिए। विधानसभा में आवारा कुत्तों और उनसे होने वाली परेशानियों पर चर्चा के दौरान विधायक प्रताप सरनाईक व अतुल भटकलकर ने अपनी बात रखी। इसी दौरान विधायक बच्चू कादु ने अपने संबोधन में विवादित टिप्पणी कर दी। बच्चू कादु ने कहा कि आवारा कुत्तों की असम में मांग है। वहां उनकी अच्छी कीमत आठ हजार रुपए तक मिल सकती है। इससे राज्य में आवारा कुत्तों की संख्या भी नियंत्रित रहेगी।

## तीन लाख शिक्षकों की हो सकती है बहाली

**पटना,(एजेंसी)।** बिहार के शिक्षक अभ्यर्थियों के लिए सोमवार को सीएम नीतीश कुमार शिक्षक बहाली की नई नियमावली पर मुहर लगा सकते हैं। दरअसल बजट सत्र के दौरान ही कैबिनेट की बैठक का फैसला लिया था। कल शाम 6 बजे से कैबिनेट की बैठक में इसका फैसला सीएम नीतीश कुमार करेंगे। गत चार वर्षों से बहाली का इंतजार कर रहे राज्य भर के सीटीईटी, बीटीईटी और एसटीईटी अभ्यर्थियों को होली से पहले खुशखबरी मिलने की संभावना है। पूर्व में भी बैठक आयोजित होती रही है लेकिन अभ्यर्थियों की उम्मीदों पर हर बार पानी फिरता रहा है. लेकिन, इस बार कुछ ज्यादा उम्मीद है।

## पीयूसी की परीक्षा में हिजाब नहीं : कर्नाटक शिक्षा मंत्री

**बेंग्लुरु , (एजेंसी)।** आगामी 09 मार्च से शुरू होने वाली दूसरी प्री-यूनिवर्सिटी कोर्स (पीयूसी) की परीक्षा में हिजाब पहनने वाले छात्रों को बैठने की अनुमति नहीं है। कर्नाटक के शिक्षा मंत्री बीसी नागेश ने रविवार को कहा कि पिछले साल की तरह, छात्रों को ड्रेस पहननी है और परीक्षा देनी है। हिजाब पहनने वाले छात्रों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं देंगे। नियमों का पालन करना होगा शिक्षण संस्थान और सरकार निर्धारित नियमों के अनुसार काम कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि हिजाब प्रतिबंध के बाद परीक्षा में बैठने वाले मुस्लिम छात्रों की संख्या में सुधार हुआ है। हालांकि, उन्होंने कोई सटीक संख्या नहीं दी।

## 1700 महिलाओं से ठगी करने वाला गिरफ्तार

**बूंदी, (एजेंसी)।** बूंदी के नैनवां थाना पुलिस ने महिलाओं को रोजगार देने का झांसा देकर 1700 महिलाओं से साढ़े 08 लाख रुपए ठगी करने के आरोपी भूपेंद्र सिंह धीरावत को जोधपुर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। आरोपी ने महिलाओं को रोजगार देने के बहाने उनसे पांच-पांच सौ रुपए की ठगी की थी। उसने इसके लिए तीन महिलाओं का स्टाफ रखा। टीआई सुभाषचंद शर्मा ने बताया आरोपी स्वदेशी ग्रामीण विकास कॉरपोरेशन के माध्यम से बेरोजगार महिलाओं को अगरबत्ती उद्योग में स्वरोजगार देने का झांसा देता है। उसने अंता निवासी श्वेता त्रिपाठी, कमलेश और तान्या नामक तीन महिला ठगों के माध्यम से नैनवां निवासी ललिता बाई को 28 हजार मासिक वेतन पर ईंचार्ज बनाया था।

## तमिलनाडु के भाजपा प्रमुख अन्नामलाई पर एफआईआर

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** तमिलनाडु भाजपा प्रमुख अन्नामलाई के खिलाफ प्रवासी मजदूरों पर कथित हमले मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। भाजपा नेता पर हिंसा भड़काने और समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने का आरोप है। राज्य में प्रवासी मजदूरों पर हमलों के लिए अन्नामलाई की ओर से सत्तारूढ़ द्रमुक पार्टी को जिम्मेदार ठहराए जाने के एक दिन बाद यह कार्रवाई हुई है। साइबर क्राइम डिवीजन ने भाजपा स्टेट यूनिट के चीफ पर हिंसा भड़काने और समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। अधिकारियों के अनुसार इसे लेकर भाजपा बिहार ट्विटर अकाउंट होल्डर पर केस दर्ज हुआ है। अन्नामलाई ने कहा कि राज्य में उत्तर भारतीय श्रमिकों पर हमले की सोशल मीडिया में फर्जी खबरें फैलाना दुखद है।

## आज का इतिहास

- **1508:** बाबर के बेटे हुमायूं का अफगानिस्तान के काबुल में जन्म।
- **1712:** न्यूयॉर्क शहर में दास विद्रोह शुरू हुआ।
- **1714:** फ्रांसीसी सम्राट चार्ल्स सहावा हैब्सबर्ग ने शांति संधि पर हस्ताक्षर किया।
- **1886:** नर्सों की पहली पत्रिका नाइटिन्गेल प्रकाशित हुई।
- **1900:** वेस्ट वर्जीनिया, यू.एस.ए. में हुए एक कोयला खान विस्फोट में 50 खनिक मारे गए।
- **1902:** स्पेन में मैड्रिड क्लब की स्थापना हुई।
- **1902:** रियल मैड्रिड सी.एफ. फुटबॉल क्लब के रूप में स्थापित हुआ।
- **1921:** पुर्तगाली कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना हुई।
- **1960:** स्विट्जरलैंड ने स्थानीय निकाय चुनाव में महिलाओं को मतदान करने का अधिकार दिया।

# चलती बस में भीषण आग, खिड़कियां तोड़कर कूदे यात्री



**नवादा,(एजेंसी)।** देश भर में कई जगहों पर बस हादसे देखे जा रहे है। वहीं इसी बीच बिहार के नवादा में भी एक बड़ा बस हादसा हुआ है। जहां पर यात्रियों से खचाखच भरी बस में अचानक से आग लग गई। जिसके बाद बस में बैठे यात्री खिड़कियों से कूदने लगे। इस घटना के बाद इलाके में अफरा तफरी का माहौल बन गया।

यह पूरा मामला पटना-रांची एनएच-31 का है। सूत्रों के अनुसार सोनू मोनू ट्रैवल्स नाम की जिस बस में आग लगी है, वह कोलकाता से नवादा आ रही थी। होली त्योहार को लेकर इस बस में यात्रियों की काफी भीड़ भी थी। इसी दौरान जैसे ही यात्रियों ने बस में आग लगते देखी वे दहशत में आ गए। इसके बाद ड्राइवर ने बस को रोक दिया। फिर लोग किसी तरह आननफानन में जलती बस से खिड़की और दरवाजे के सहारे नीचे कूदते गए जिससे सभी की जान बच गई। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। लेकिन, पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। आग इतनी भयावह थी कि कई किलोमीटर दूर से उसकी लपटे और धुएं को देखा जा सकता था। वहीं बस के ऊपर नारियल भी लोड था। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

## शिवराज पाटिल के रिश्तेदार ने खुद को मारी गोली, मौत

**लातूर, (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के लातूर में पूर्व केंद्रीय मंत्री शिवराज पाटिल चाकूरकर के आवास पर उनके 81 वर्षीय रिश्तेदार ने रविवार को कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि चंद्रशेखर पाटिल ने सुबह करीब नौ बजे अपनी लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

चंद्रशेखर हनमंतराव पाटिल के नाम से जाने जाने वाले अधिकारी ने कहा कि वह पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल चाकूरकर के रिश्ते के भाई थे। हनमंतराव पूर्व मंत्री के देवघर आवास के समीप रहते थे और अक्सर वहां आते-जाते रहते थे। वह पिछले कई वर्षों से किसी बीमारी से जूझ रहे थे। उन्होंने बताया कि घटना के वक्त पूर्व मंत्री का बेटा मौजूद थे। जांच के तौर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिबेश फीवर, पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र जगदले और अन्य समेत वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद थे।

# ईरानी महिला बेंगलुरु में धरने पर बैठी

### बोली-इस्लामिक देश लड़कियों को दे रहे जहर




**बेंग्लुरु, (एजेंसी)।** इस्लामिक देश ईरान में लड़कियों को स्कूल से रोकने के लिए खाने में जहर देने के मामले सामने आने के बाद से विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इस मामले को लेकर भारत के बेंगलुरु में भी ईरान की एक महिला ने चर्च स्ट्रीट में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान ईरानी महिलाओं को न्याय दिलाने में मदद करने में भारत के समर्थन की अपील की है।

बेंगलुरु में प्रदर्शन कर रही निकू का कहना है कि सैकड़ों ईरानी महिलाओं पर रसायनों के साथ हमला किया गया है। उम्र कोई बंधन नहीं है यहां तक कि प्राथमिक स्कूल के बच्चों पर भी हमला हुआ। महिला प्रदर्शनकारी का कहना है कि हम हिजाब के खिलाफ नहीं हैं। हम जबरन हिजाब के खिलाफ हैं। वह ईरान में महिलाओं पर रासायनिक हमले के खिलाफ आवाज उठाने वाली भारत की पहली ईरानी महिला प्रदर्शनकारी हैं।

# पुलिस से बचने भागे इमरान, बोले मैं किसी के सामने झुकता नहीं हूं

### एसपी ने घर में घुसकर ली थी तलाशी, नहीं मिले



**लाहौर, (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को पाकिस्तानी पुलिस रविवार को तोशाखाना मामले में गिरफ्तार करने उनके घर पहुंची। इस्लामाबाद पुलिस ने ट्वीट कर बताया कि जब एसपी उनके कमरे में पहुंचे तो इमरान वहां मौजूद नहीं थे। इसके चंद घंटों के बाद ही इमरान खान ने लाहौर में अपने समर्थकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इतना जलील कभी नहीं हुआ, हमारा क्राइम मिनिस्टर भीख मांगता घूम रहा है।

इमरान ने अपने समर्थकों से कहा कि आप मेरे टाइगर्स हैं। मैं कभी किसी के सामने नहीं झुका हूं, हम सिर्फ अल्लाह के सामने झुकने वाले लोग हैं। इमरान खान ने प्राइम मिनिस्टर शाहबाज शरीफ के बारे में कहा कि वो 16 अरब का घोटाला करके सजा पाने वाला था। जनरल बाजवा ने उसे प्राइम मिनिस्टर बनवा दिया। होम मिनिस्टर ने आठ कत्ल किए हैं। इमरान खान ने पाकिस्तान के गृह मंत्री को चोर बताया।

उन्होंने कहा कि नवाज शरीफ लंदन से फैसले कर रहा है। ये लोग हमारी तकदीर का फैसला करते हैं। हिंदुस्तान के चैनल हमारा मजाक उड़ा रहे हैं। इमरान ने अपने भाषण के दौरान लोगों को जिहाद पर निकल जाने की सलाह भी दी। उन्होंने कहा कि आईएसआई के कुछ अफसर हैवान बन चुके हैं। ये लोग कहते हैं कि ये मेरी हिफाजत करेंगे, मैं कहता हूं कि ये ही मेरी जान लेना चाहते हैं। पाकिस्तान की आर्थिक तंगहाली पर इमरान ने कहा कि बतौर मुल्क हमारी मौत हो रही है।

### चीनियों की हिफाजत में सुरक्षा बल तैनात

**इस्लामाबाद , (एजेंसी)।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हाल के आतंकवादी हमलों के मद्देनजर, विशेष सुरक्षा इकाई के 1500 से अधिक पुलिस अधिकारियों को विभिन्न परियोजनाओं में कार्यरत चीनी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रांत में तैनात किया गया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पेशावर में पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) अख्तर हयात खान ने यह बात कही। उनका कहना है कि विशेष सुरक्षा इकाई में बड़ी संख्या में जिला पुलिस और फ्रंटियर रिजर्व पुलिस के अधिकारी शामिल हैं।


### रूस ने गेहूं की खेप भेजी पाकिस्तान

**इस्लामाबाद , (एजेंसी)।** रूस ने मदद का हाथ बढ़ाया है। पाकिस्तान रूस से गेहूं आयात कर रहा है। जिस तरह से भारत किसी भी देश की मदद करने में पीछे नहीं हटता उसी तरह पाकिस्तान का पेट भरने के लिए एक भारतीय की शिप एमवी लीला 50 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खेप लेकर रूस से पाकिस्तान पहुंचा है। पाकिस्तान रूस से 4 लाख 50 हजार मीट्रिक टन गेहूं आयात करेगा। बता दें कि एमवी लीला ग्लोबल मार्केटिंग सिस्टम इंक के 40 शिप में से एक है।

### चीन की हालत खस्ता, कोरोना ने 50 साल पीछे धकेला

# चीन ने लगातार आठवें साल की रक्षा बजट में बढ़ोतरी

**भारत का रक्षा बजट 76.6 अरब डॉलर जो चीन के बजट से लगभग चार गुना कम है।**



**बीजिंग, (एजेंसी)।** चीन ने वार्षिक रक्षा बजट में लगातार आठवें साल बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है और वर्ष 2023 में यह 7.2 प्रतिशत रहेगा। रविवार को जारी हुए मसौदा बजट के अनुसार दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले चीन का नियोजित रक्षा खर्च वर्ष 2023 में लगभग 224.79 अरब डॉलर होगा। गत वर्ष चीन का रक्षा बजट 7.1 फीसदी था।

चीन ने खराब नीतियों के चलते अपनी अर्थव्यवस्था को 50 साल पीछे धकेल दिया है। कई दशकों में पहली बार चीन की आर्थिक विकास दर 3 फीसदी रही। रविवार को शी जिनपिंग की अध्यक्षता में हुई बैठक में चीन की सरकार ने इस साल अपनी विकास दर का लक्ष्य 5 फीसदी रखा है। जो काफी कम है। हालांकि विश्व बैंक का अनुमान है कि इस साल चीन की विकास दर 4.3 फीसदी रह सकती है। वहीं, भारत की बात की जाए तो दुनियाभर की एजेंसियों ने संभावना जताई है कि इस साल भारत की आर्थिक विकास दर 6.7 से 7 फीसदी तक रह सकती है।

एजेंसियों से मिली जानकारी के अनुसार, चीन ने साल 2023 के लिए अपनी आर्थिक वृद्धि दर 5 फीसदी का लक्ष्य रखा है। यह कई दशकों में बहुत कम है। हालांकि विश्व बैंक का अनुमान है कि चीन की विकास दर इससे भी कम रह सकती है। उसके मुताबिक, इस साल चीन 4.3 फीसदी विकास दर हासिल कर सकता है। चीन ने साल 2022 के लिए विकास दर 5.5 लक्ष्य रखा था, लेकिन, सिर्फ 3 फीसदी विकास दर ही हासिल कर पाया।

### चीन में शी जिनपिंग होंगे और ताकतवर राष्ट्रपति कार्यकाल तीसरी बार बढ़ेगा

**बीजिंग, (एजेंसी)।** रविवार को चीन की संसद नेशनल पीपल्स कांग्रेस की सालाना बैठक की शुरुआत हुई। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इसके ओपनिंग सेशन में हिस्सा लिया। बैठक में शी जिनपिंग के तीसरी बार राष्ट्रपति बनने पर मुहर लगेगी, जिससे उनकी ताकत और ज्यादा बढ़ेगी यह बैठक हफ्ते भर तक जारी रहेगी, जिसमें चीन की सरकार में बैठे मंत्रियों के तबादले किए जाएंगे। साथ ही कई नियुक्तियां भी होंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस बैठक में शी जिनपिंग का कार्यकाल तीसरी बार बढ़ाया जाएगा। जिससे चीन में उनकी ताकत को और मजबूती मिलेगी। एक रिपोर्ट में कम्युनिस्ट पार्टी अहम पदों पर बैठे मंत्रियों और सरकारी संस्थाओं के अधिकारियों का तबादला करेगी। इसमें चीन के प्रीमियर यानी पीएम को भी बदला जाएगा।

### ताइवान से खून का रिश्ता, चीन को याद आया भाईचारा या कोई नई चाल?

**बीजिंग, (एजेंसी)।** ताइवान के प्रति चीन के तेवर बदलते हुए नजर आए हैं। ड्रैगन ने ताइवानी जनता के साथ अपना खून का रिश्ता बताया है और सभी को एक ही परिवार का सदस्य करार दिया है। चीनी प्रधानमंत्री ली केझियांग ने रविवार को संसद की वार्षिक बैठक के उदघाटन सत्र को संबोधित किया। रिपोर्ट के मुताबितक, इस दौरान उन्होंने ताइवान को लेकर कहा कि हम एक ही परिवार हैं। उन्होंने कहा कि ताइवान स्ट्रेट के दोनों किनारों पर हम चीनियों का खूनी संबंध है। ली ने कहा, हम एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।

# प्रेसिडेंट बना तो एफबीआई और शिक्षा विभाग पर ताला



**वाशिंगटन , (एजेंसी)।** अमेरिका के मशहूर उद्यमी विवेक रामास्वामी, जिन्होंने पिछले सप्ताह ही अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव 2024 में लड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने एक संबोधन में कई बड़ी और साहसिक घोषणाएं की। रामास्वामी ने कहा कि अगर वो अमेरिका के प्रेसिडेंट बनते हैं तो उन सभी अमेरिकी कंपनियों पर प्रतिबंध लगा देंगे जो चीन के साथ व्यापार कर रही हैं।

उनकी प्राथमिकताओं में शिक्षा विभाग और एफबीआई समेत 10 एजेंसियां हैं, जिन्हें वे खत्म कर देंगे। रामास्वामी ने ऐसा प्रस्ताव क्यों दिया है, जिसकी अमेरिका में खूब चर्चा हो रही है। शनिवार को एक संबोधन में भारतीय मूल के अमेरिकी बिजनेसमैन विवेक रामास्वामी ने कहा, मुझे लगता है कि ईमानदार होना महत्वपूर्ण है।

### अमेरिका खो रहा पहचान

रामास्वामी ने अपने संबोधन में कहा, मैं पहले ही पिछले हफ्ते कह चुका हूं। पहली एजेंसी जिसे हम बंद करेंगे वह अमेरिकी शिक्षा विभाग है। इसके अस्तित्व को बचाने का कोई कारण नहीं है। न ही कभी यह अस्तित्व में नहीं होना चाहिए था। ऐसा इसलिए क्योंकि अमेरिका के लोगों का अपना कोई अस्तित्व नहीं है। आज अमेरिकी अपनी पहचान खो रहा है। हमे ऐसे शिक्षा विभाग की जरूरत नहीं है, जो हमारे लोगों की जिंदगी न सुधार सके। रामास्वामी ने आगे कहा, मैं दूसरी सरकारी एजेंसी एफबीआई की घोषणा करने के लिए भी तैयार हूं ।

# गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करे केंद्र सरकार : इलाहाबाद हाईकोर्ट

**प्रयागराज ■ ब्यूरो**

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने का सुझाव दिया है। कोर्ट ने कहा कि गाय भारतीय संस्कृति का अहम हिस्सा है। इसलिए गायों की सुरक्षा को हिंदुओं के मौलिक अधिकार में शामिल किया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि हमें आशा है कि केंद्र सरकार देश में गोहत्या पर प्रतिबंध लगाने और गायों को संरक्षित राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिए जल्द उचित फैसला लेगी।

### जस्टिस शमीम अहमद ने सुनवाई के दौरान दिया सुझाव

अदालत ने यह टिप्पणी गोहत्या के एक केस पर सुनवाई के दौरान की। न्यायमूर्ति शमीम अहमद ने 14 फरवरी को उप्र गौहत्या निवारण अधिनियम 1955 के तहत आपराधिक कार्यवाही रद्द करने की याचिका को खारिज कर कहा कि हम एक धर्मनिरपेक्ष देश में रहते हैं व सभी धर्मों का सम्मान होना चाहिए। गाय की रक्षा की जानी चाहिए। जस्टिस शमीम अहमद ने कहा कि हिंदू धर्म में मान्यता है कि गाय दैवीय व प्राकृतिक उपकार की प्रतिनिधि है, इसलिए इसकी रक्षा व सम्मान किया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता बाराबंकी निवासी मोहम्मद अब्दुल खालिक ने अपनी याचिका में दलील दी थी कि पुलिस ने बिना किसी सबूत के उन पर मामला दर्ज किया है। इसलिए अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत की कार्यवाही को रद्द किया जाना चाहिए।

### चीन पर अपने रुख से पलटे राहुल गांधी

**नई दिल्ली,।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में चीन को शांति पसंद और नेचर से जु?ा देश बताया था। अब इस बयान पर राहुल गांधी का रुख बदल गया है। लंदन में इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के इंडिया इनसाइट्स कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा कि भारत को चीन से सतर्क रहने की जरूरत है। वह बॉर्डर पर काफी एक्टिव और एग्रेसिव है। राहुल गांधी सात दिन के ब्रिटेन दौरे पर हैं। उन्होंने इंडिया इनसाइट्स के तहत चर्चा करते हुए एक बार फिर मोदी सरकार की आलोचना की। राहुल ने कहा- देश का अपमान मैं नहीं, बल्कि खुद पीएम मोदी करते हैं। पिछली बार प्रधानमंत्री ने विदेश जाकर घोषणा की थी कि आजादी के 70 साल में कुछ भी नहीं हुआ। उन्होंने कहा था कि हमने एक दशक खो दिया है, भारत में बेहिसाब भ्रष्टाचार है।

# अवैध रूप से आए तो नहीं रह सकेंगे ब्रिटेन में

### ब्रिटिश पीएम सुनक अवैध प्रवासन के खिलाफ नया कानून बनाने की तैयारियों में जुटे

**लंदन, (एजेंसी)।** ब्रिटेन पीएम ऋषि सुनक ने रविवार को प्रस्तावित नए कानून के साथ अवैध प्रवासन पर शिकंजा कसने का ऐलाना किया ताकि प्रवासियों को ब्रिटेन में अवैध रूप से आने से रोका जा सके।

अवैध प्रवासी इंग्लिश चैनल पार करके खतरनाक रूप से छोटी नौकाओं के जरिए ब्रिटेन पहुंचते हैं। भारतीय मूल के ब्रिटिश नेता ने इस साल की अपनी शीर्ष प्राथमिकताओं में पड़ोसी देश फ्रांस और ब्रिटेन की समुद्री सीमा के बीच अवैध मार्ग पर कार्रवाई करने को शामिल किया है।


भारतीय मूल की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन के साथ सुनक के नेतृत्व वाली सरकार अब इस मुद्दे को हल करने के लिए अगले सप्ताह संसद में विधेयक पेश करने की योजना बना रही है। सुनक ने इस बारे में अवगत करते हुए बताया कि कोई गलती नहीं करें, यदि आप यहां अवैध रूप से आते हैं तो आप यहां रह नहीं सकेंगे।

मिली जानकारी के मुताबिक ह सुनक को लगता है कि उन्हें उस समस्या का समाधान मिल गया है जो सरकार को पिछले चार सालों से परेशान कर रही है। ब्रेवरमैन ने लिखा कि अब बहुत हो गया और ब्रिटेन के लोग इस मुद्दे को सुलझाना चाहते हैं।

ब्रेवरमैन ने कहा कि यदि आप यहां अवैध रूप से आएंगे तो हिरासत में ले लिए जाएंगे और आपको जल्द से जल्द निष्कासित कर दिया जाएगा। हमारे कानून अपनी मंशा और पालन के लिहाज से सरल होंगे और ब्रिटेन आने का एक ही सुरक्षित मार्ग होगा जो कि वैध मार्ग है।

**नया मोड़** अमेरिका के नेवार्क शहर ने माना था सिस्टर सिटी, अब कहा- धोखे से एग्रीमेंट

# नित्यानंद के कैलासा से छिना खास दर्जा




**नेवार्क, (एजेंसी)।** भारत के भगौड़े स्वामी नित्यानंद के देश कैलासा के साथ अमेरिका के शहर नेवार्क ने अपना सिस्टर सिटी एग्रीमेंट कैंसिल कर दिया है। नेवार्क की प्रेस सचिव सुजैन गैरोफलो ने एग्रीमेंट पर पछतावा जताया है। उन्होंने कहा- जैसे ही हमें कैलासा की परिस्थितियों के बारे में पता चला हमने एग्रीमेंट खत्म कर दिया।

ये एग्रीमेंट धोखे से किया गया था। दरअसल, अमेरिका के शहर नेवार्क ने 11 जनवरी को कैलासा के साथ एक सिस्टर सिटी एग्रीमेंट किया था। इसके बाद नित्यानंद ने दावा किया था कि अमेरिका ने उसके देश को मान्यता दे दी है। नित्यानंद ने इस एग्रीमेंट से जुड़े समारोह की कई फोटोज भी फेसबुक पर शेयर की थी। नेवार्क के काउंसिल मैन लुइस क्विंटाना ने 18 जनवरी को इस समझौते को रद्द करने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने कहा कि किसी भी देश को सिस्टर सिटी एग्रीमेंट में शामिल होने के लिए वहां ह्यूमन राइट्स का सही तरह से पालन होना जरूरी है। हम किसी ऐसे देश को शामिल नहीं कर सकते जो विवादों में घिरा हो और जहां ह्यूमन राइट्स का पालन न होता हो। ये समझौता गलती थी जो हम नहीं कर सकते। प्रस्ताव पास कर एग्रीमेंट रद्द कर दिया।

### 2019 में भारत छोड़कर भागा था रेप का आरोपी नित्यानंद

2010 में नित्यानंद की एक शिष्या ने उस पर रेप का आरोप लगाया था। तहकीकात के बाद 2019 में गुजरात पुलिस ने कहा था कि नित्यानंद के आश्रम में बच्चों को किडनैप करके रखा जाता है। इसके बाद पुलिस ने छापा मारकर 2 लोगों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद 2019 में नित्यानंद देश छोड़कर भाग गया था। 2020 में उसने कैलाशा नाम से अपना अलग द्वीप बसाने और इसे अलग देश का दर्जा मिलने का दावा किया था। हालांकि, अब तक इस देश को किसी देश ने मान्यता नहीं दी है। जेनेवा में यूएन की बैठक में भारत के भगोड़े स्वामी नित्यानंद के कथित देश कैलासा की प्रतिनिधि भी नजर आई। नित्यानंद ने ट्वीट कर कहा कि यूएन मीटिंग के दौरान कैलासा की महिला भक्त ने भाग लिया।

# सीएम खट्टर को मिले उपहारों की नीलामी से आए 1.15 करोड़



**चंडीगढ़, (एजेंसी)।** हरियाणा सीएम मनोहर लाल खट्टर को प्राप्त हुए उपहारों की ई-नीलामी से लगभग 1.15 करोड़ रुपए मिले हैं और यह राशि मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा की जाएगी। एक आधिकारिक बयान में रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इन उपहारों में मुख्यमंत्री की 3डी मॉडल मूर्ति की 21 लाख रुपए में नीलामी हुई। बयान के अनुसार महाभारत के पात्र अर्जुन के रथ की मूर्ति 6.41 लाख रुपए में, कामाख्या मंदिर की मूर्ति 5.80 लाख रुपए में और राम जन्मभूमि मंदिर मॉडल की 1.75 लाख रुपए में नीलामी हुई।

मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव अमित अग्रवाल ने बताया कि उपहार पोर्टल के माध्यम से सरकार द्वारा नीलामी के लिए रखे गए कुल 51 उपहारों से लगभग 1.15 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि उपहारों की नीलामी से प्राप्त राशि मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा कर जनकल्याण के कार्यों में खर्च करेंगे। अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सामाजिक संस्थाओं या व्यक्तियों द्वारा उन्हें भेंट किए गए उपहारों की नीलामी करने का निर्णय लिया है। पहले चरण में 28 फरवरी तक 51 उपहारों की नीलामी की गई।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अशोक कुमार द्वारा राज तरूण आफसेट, एलजीएफ 5-14, अंसल सिटी सेंटर, निकट यूपी प्रेस क्लब, हजरतगंज, लखनऊ से मुद्रित तथा ग्राम भुसना, पोस्ट भुसना, तहसील महमूदाबाद जनपद सीतापुर (उ0प्र0) से प्रकाशित। **सम्पादक : अशोक कुमार (मो. 9651086162) उप सम्पादक : प्रमोद कुमार शुक्ल (मो. 9450497420)**। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न सभी विवाद सीतापुर न्यायालय के आधीन होंगे।